TNF® TODAY
# टीएनएफ टुडे
थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे
tnftoday tnftoday
www.tnftoday.com / epaper | Trial Edition
आठ दिन से लापता बच्ची का नहीं सुराग (पेज-3)
पृष्ठ- 08 | वर्ष-01 अंक-18 | मूल्य ₹7 | शुक्रवार | दिनांक- 17.07.2026

आगामी कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत

## डीएम एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने किया मोहम्मदाबाद मार्ग का स्थलीय निरीक्षण



- मार्ग निर्माण में आने वाली किसानों की भूमि की क्षतिपूर्ति में नहीं होगी कोई कोताही, न ही किया जाएगा विलंब: जिलाधिकारी
- स्थानीय निवासी रहें आश्वस्त, मार्ग सुदृढ़ीकरण कार्य केवल कांवड़ यात्रा को सुगम बनाने के लिए है, जमीन हस्तगत करने के लिए नहीं
- मार्ग को पूर्णतः दुरुस्त करने, गड्ढामुक्ति एवं जलभराव की समस्या का तत्काल समाधान करने के दिए कड़े निर्देश

**टीएनएफ टुडे ब्यूरो, टूंडला।**

आगामी पवित्र कांवड़ यात्रा को सकुशल, सुरक्षित एवं सुगम ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से आज जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे द्वारा संयुक्त रूप से टूंडला क्षेत्र के अंतर्गत मोहम्मदाबाद मार्ग का व्यापक स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कांवड़ मार्ग की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया और संबंधित विभागीय अधिकारियों को युद्धस्तर पर कार्य करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग एवं संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को कड़े निर्देश दिए कि कांवड़ मार्ग पर जहाँ-जहाँ भी गड्ढे हैं, उन्हें तत्काल भरवाकर मार्ग को पूर्णतः दुरुस्त किया जाए। इसके साथ ही जिन स्थानों पर जलभराव की समस्या है, वहाँ से पानी की निकासी के पुख्ता इंतजाम किए जाएं ताकि कांवड़ यात्रियों को आवागमन में किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि कांवड़ यात्रा के मद्देनजर इस पूरे मार्ग को हर हाल में अत्यंत सुरक्षित और सुगम बनाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्थानीय प्रशासन और ग्रामीणों से संवाद करते हुए एक अत्यंत महत्वपूर्ण बिंदु पर स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि कांवड़ मार्ग को सुदृढ़ व चौड़ा बनाने के दौरान यदि किसी किसान की निजी भूमि प्रभावित होती है या उपयोग में आती है, तो उसके बदले देय मुआवजे या आवश्यक प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की कोई कोताही नहीं बरती जाएगी और न ही इसमें कोई विलंब किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने क्षेत्र के समस्त नागरिकों एवं ग्रामीणों को पुरजोर तरीके से आश्वस्त करते हुए कहा कि "आप सभी क्षेत्रवासी पूरी तरह से आश्वस्त रहें। इस मार्ग पर जो भी तात्कालिक निर्माण या मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है, वह केवल और केवल आगामी कांवड़ यात्रा के सुचारू संचालन व शिवभक्तों की सुविधा के मद्देनजर जनहित में किया जा रहा है। इसका उद्देश्य किसी भी ग्रामीण या किसान की जमीन को स्थाई रूप से हस्तगत करना कतई नहीं है। अतः किसी भी प्रकार की भ्रामक खबरों या अफवाहों पर ध्यान न दें।"

निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से भी मार्ग का बारीकी से मुआयना किया। उन्होंने अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रा के दौरान इस पूरे रूट पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहेंगे, साथ ही यातायात प्रबंधन (ट्रैफिक डायवर्जन) को इस तरह लागू किया जाए जिससे कांवड़ियों के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों को भी कोई परेशानी न हो।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी टूंडला, क्षेत्राधिकारी टूंडला, संबंधित थानों के प्रभारी निरीक्षक सहित लोक निर्माण विभाग के अभियंता व अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।।

## चातुर्मास में ब्रज में बसेगा आस्था का अलौकिक संसार

### चातुर्मास देवशयनी एकादशी 25 जुलाई से प्रारम्भ, देव प्रबोधनी एकादशी 21 नवंबर तक रहेगा

- एसएसपी ने केजेएस और बांकेबिहारी मंदिर की सुरक्षा बढ़ाई, कई पुलिसकर्मियों की तैनाती

**टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।**

इस बार चातुर्मास देवशयनी एकादशी 25 जुलाई से प्रारम्भ, देव प्रबोधनी एकादशी 21 नवंबर तक रहेगा। मान्यता है चातुर्मास में पूरी सृष्टि ब्रज में समाहित रहती है।ब्रज 84 कोस यात्राएं की जाएंगी। ब्रज में आस्था का अलौकिक संसार बसेगा। अपार श्रद्धालु आएंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को देखते हुए एसएसपी श्लोक कुमार ने कृष्ण जन्मस्थान और बांकेबिहारी मंदिर पर पुलिसकर्मियों की तैनाती बढ़ा दी है। इसके साथ ही पूरे जिले में सुरक्षा व्यवस्था चौबंद रखने को 37 निरीक्षक व उपनिरीक्षकों के तबादले किए हैं।



कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने और आगामी त्योहारों के मद्देनजर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने व्यापक प्रशासनिक फेरबदल किया। जारी आदेशों में 37 निरीक्षक और उप निरीक्षकों के स्थानांतरण और नई तैनाती के निर्देश दिए गए हैं। इस फेरबदल में लंबे समय से एक ही थाना या चौकी पर तैनात कई पुलिसकर्मियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। वहीं, पुलिस लाइन में तैनात कई निरीक्षकों और उपनिरीक्षकों को विभिन्न थानों, विशेष शाखाओं और महत्वपूर्ण सुरक्षा ड्यूटी पर भेजा गया है।

जारी आदेश के अनुसार, निरीक्षक प्रवेश राणा को आईजीआरएस सेल का प्रभारी बनाया गया है। अरविंद सिंह को थाना शेरगढ़ में अतिरिक्त निरीक्षक अपराध, सत्यप्रकाश को थाना कोसीकलां, संजय सिंह को साइबर क्राइम थाना तथा शिवप्रसाद सिंह और अनिल मिश्रा को अपराध शाखा में तैनात किया गया है। निरीक्षक बॉबी कुमार को साइबर क्राइम से वृंदावन थाना भेजा गया है। पुलिस लाइन से कई उपनिरीक्षकों को राया, हाईवे, गोविंदनगर, महावन, बलदेव, शेरगढ़ और गोवर्धन सहित विभिन्न थानों में भेजा गया है। कुछ उपनिरीक्षकों को केजेएस में तैनात किया गया है, जबकि कुछ अधिकारियों को बांके बिहारी मंदिर की सुरक्षा में नियुक्त किया गया है, ताकि वृंदावन में श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हो सके। महिला उपनिरीक्षक पारुल मिश्रा को बलदेव थाने में वरिष्ठ उपनिरीक्षक का पदभार दिया गया है। महिला उपनिरीक्षक शिवानी का पूर्व में थाना छाता किया गया स्थानांतरण निरस्त करते हुए उन्हें थाना राया में तैनाती दी गई है। पुलिस विभाग के अनुसार, ये तबादले प्रशासनिक आवश्यकताओं, बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखने और संवेदनशील धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए किए गए हैं। आगामी पर्व-त्योहारों, विशेषकर ब्रज क्षेत्र में श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से यह फेरबदल महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## योगी सरकार की बड़ी पहल, किसानों को 50% अनुदान पर मिलेंगे कृषि यंत्र

- विभागीय पोर्टल पर 16 से 30 जुलाई तक ऑनलाइन बुकिंग की प्रक्रिया हुई शुरू
- कृषि ड्रोन, दाल मिल और फसल अवशेष प्रबंधन वाले यंत्रों पर मिलेगी भारी छूट
- किसानों को आधुनिक और आत्मनिर्भर बनाना योगी सरकार का संकल्प



**टीएनएफ टुडे, आगरा।**

किसान भाइयों के लिए आधुनिक खेती अपनाने और अपनी आय बढ़ाने का एक और सुनहरा अवसर सामने आया है। योगी सरकार की विभिन्न कृषि कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत कृषि यंत्रों और कृषि रक्षा उपकरणों पर 50 प्रतिशत तक का भारी अनुदान दिया जा रहा है। इस योजना का लाभ उठाने के लिए जनपद में ऑनलाइन बुकिंग की प्रक्रिया आज 16 जुलाई 2026 दोपहर 12:00 बजे से शुरू हो चुकी है, जो आगामी 30 जुलाई 2026 की रात 12:00 बजे तक जारी रहेगी। पात्र लाभार्थी समय रहते विभागीय पोर्टल पर आवेदन कर इसका लाभ उठा सकते हैं।

### विभागीय पोर्टल पर बुकिंग शुरू, इन आधुनिक कृषि यंत्रों पर मिलेगी भारी छूट

योजना के तहत कृषि विभाग द्वारा एग्रीगेटर, कस्टम हायरिंग सेंटर, मशीनरी बैंक, कृषि ड्रोन, ऑयल एक्सट्रैक्शन यूनिट (10 टन क्षमता), मिनी ऑयल एक्सट्रैक्शन यूनिट, दाल मिल सहित अन्य एकल कृषि यंत्रों और कृषि रक्षा उपकरणों के लिए आवेदन मांगे गए हैं। इच्छुक किसान, ग्रामीण उद्यमी (कस्टम हायरिंग सेंटर के लिए) और एफपीओ (फार्म मशीनरी बैंक के लिए) कृषि विभाग की आधिकारिक वेबसाइट agriculture.up.gov.in पर जाकर यंत्र बुकिंग प्रारम्भ लिंक पर क्लिक करके ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### फसल अवशेष प्रबंधन वाले कृषि यंत्रों पर अधिकतम 50% तक अनुदान

योगी सरकार के दिशा- निर्देशों के अनुसार, फसल अवशेष प्रबंधन (पराली प्रबंधन) वाले कृषि यंत्रों पर अधिकतम 50% या निर्धारित अधिकतम धनराशि (दोनों में से जो कम हो) अनुदान के रूप में दी जाएगी। आवेदन के समय ही कृषकों को यंत्रवार निर्धारित जमानत धनराशि ऑनलाइन जमा करनी होगी। 10,000 से अधिक और 1,00,000 तक के अनुदान वाले यंत्रों के लिए 2,500 तथा 1 लाख से अधिक अनुदान वाले यंत्रों के लिए 5,000 की जमानत राशि तय की गई है। टोकन कन्फर्म होने के बाद लाभार्थियों को अधिकतम 10 दिनों के भीतर कृषि यंत्र खरीदकर उसकी रसीद, यंत्र के साथ फोटो और संबंधित अभिलेख पोर्टल एवं upyantratracking.in पर अपलोड करने होंगे।

### किसानों को आधुनिक और आत्मनिर्भर बनाना सरकार का संकल्प

उपनिदेशक कृषि मुकेश कुमार ने जनपद के किसानों से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मंशा के अनुरूप किसानों को समृद्ध, आत्मनिर्भर और खेती को तकनीक से जोड़ने के लिए यह पारदर्शी ऑनलाइन व्यवस्था लागू की गई है। एग्रीगेटर (परियोजना लागत ?100 लाख) और शुगरकेन हार्वेस्टर की बुकिंग राज्य स्तर पर होगी, जबकि अन्य कृषि यंत्रों की बुकिंग विकासखण्डवार की जाएगी। इस योजना से जहां किसानों की लागत कम होगी, वहीं पराली प्रबंधन जैसे पर्यावरण अनुकूल यंत्रों से धरती की उर्वरा शक्ति भी सुरक्षित रहेगी। हमारा प्रयास है कि जनपद का हर पात्र किसान इस योजना से जुड़कर लाभान्वित हो।

संसद का मानसून सत्र

## विपक्ष कर रहा सरकार को घेरने की तैयारी

### सत्ता पक्ष ने इतिहास रचने के लिए कसी कमर

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

20 जुलाई से शुरू हो रहे सत्र में संसद के मानसून सत्र के लिए विपक्ष सरकार को घेरने की जोरदार तैयारी में है, जबकि सरकार के रणनीतिकार इतिहास रच देना चाहते हैं। वहीं, कॉकरोच जनता पार्टी ने भी संसद के घेराव का एलान कर दिया है। कुल मिलाकर हंगामा तो होगा।

विपक्ष केन्द्र सरकार से नीट परीक्षा के पेपर लीक, ऑपरेशन सिन्दूर को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के संसद में दिए बयान, अयोध्या में राम मंदिर चढ़ावा चोरी, मणिपुर में जारी हिंसा, बेरोजगारी और बढ़ती मंहगाई, ई-20(एथेनॉल) को लेकर जनता में बढ़ती नाराजगी जैसे मुद्दे को उठाकर केन्द्र सरकार को घेरेगा।




### सरकार के रणनीतिकार रच सकते हैं इतिहास

मानसून सत्र के लिए केन्द्र सरकार के पास महत्वपूर्ण प्रस्ताव हैं। सरकार संसद के मानसूत्र में 130 वां संविधान संशोधन विधेयक लाने का संकेत दे रही है। इसके लिए सहयोगियों और लोकसभा में सदस्यों की संख्या बढ़ाने की रणनीति पर काम हो रहा है। ऐसा हुआ तो परिसीमन का रास्ता साफ हो जाएगा। सितंबर 2023 से महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए पारित विधेयक प्रभावी हो सकेगा। सरकार एक देश, एक चुनाव के अपने प्रस्ताव को आगे बढ़ा सकेगी और उसके एफसीआरए विधेयक को भी संसद की मंजूरी दिलाने में बहुत दिक्कत नहीं आएगी।

कांग्रेस प्रवक्ता जयराम रमेश ने कहा है कि केन्द्र सरकार एक देश एक चुनाव के प्रस्ताव, परिसीमन और संविधान संशोधन विधेयक सदन में लाती है तो विपक्ष उसका विरोध करेगा।

## '21 जुलाई से पहले जहां जाना है, चले जाएं'

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने एक और सांसद को देखा है, जो फिल्म पृष्ठभूमि से आती हैं। वह उनका सम्मान करती हैं। वह सांसद भाजपा नेता से मिलने और इस्तीफा देने के लिए गई हैं।ममता बनर्जी ने कहा कि वह सभी को बताना चाहती हैं कि उस सांसद ने पहले ही ईमेल के जरिये इसकी जानकारी दे दी थी। उन्होंने कहा कि वह उनका धन्यवाद करती हैं कि आज वह खुद जाकर मिलीं।

ममता बनर्जी ने कहा कि जो लोग भाजपा, पुलिस या अदालत के मामलों, ईडी, सीबीआई और सीआईडी मामलों के दबाव में जाना चाहते हैं, वे जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि 21 जुलाई से पहले लोग अपने फैसले के अनुसार कहीं भी जा सकते हैं।

ममता बनर्जी ने कहा, 13 लोगों को छोड़कर करीब 150 लोगों की पुलिस गोलीबारी में मौत हुई। इसके अलावा, कई शहीद परिवार हैं। चुनाव के बाद करीब 20 से 22 कार्यकर्ताओं की मौत हुई है।

## विश्व बौद्ध महासंघ में भारत महिला प्रकोष्ठ की उपाध्यक्ष नियुक्त हुईं डॉ. अनुभा पुंडीर चौहान

**टीएनएफ टुडे, देहरादून।**

ग्राफिक एरा हिल विश्वविद्यालय, देहरादून की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अनुभा पुंडीर चौहान को विश्व बौद्ध महासंघ (World Buddhist Federation) के भारत महिला प्रकोष्ठ की उपाध्यक्ष (Vice President – Women's Wing, India) नियुक्त किया गया है। उन्हें वर्ल्ड पीस इंस्टीट्यूट संयुक्त राष्ट्र (United Nations) से इस दायित्व के लिए नियुक्त होने वाली प्रथम प्रतिनिधि के रूप में भी माना जाता है।



अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से सम्मानित "झोलाप्रेन्योर" डॉ. चौहान "भारतीय झोला वुमन" के नाम से विख्यात हैं। उन्होंने एकल-उपयोग प्लास्टिक के स्थान पर कपड़े के झोले को अपनाने हेतु एक अनूठा जन-जागरूकता अभियान चलाया है। उनके इस अभियान ने भारतीय हथकरघा, स्वदेशी कला, सांस्कृतिक विरासत तथा पर्यावरण संरक्षण को व्यापक स्तर पर प्रोत्साहित किया है।

डॉ. चौहान एक प्रशिक्षित शास्त्रीय कलाकार एवं सांस्कृतिक दूत भी हैं। उन्होंने अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए कला और भारतीय परंपराओं के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक उत्तरदायित्व तथा सांस्कृतिक मूल्यों का प्रभावी संदेश दिया है।

अपने नवीन दायित्व में डॉ. अनुभा पुंडीर चौहान महिला सशक्तिकरण, शांति, करुणा, सांस्कृतिक समरसता तथा मानवीय सेवा से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों का नेतृत्व करेंगी तथा भारत एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर विश्व बौद्ध महासंघ का प्रतिनिधित्व करेंगी।

## बीमारी से तो हम बचा लेंगे, सड़क पर जिंदगी तो खुद ही बचानी होगी

**राजेश मिश्रा**

- सड़क हादसों के खतरनाक रुझान पर एसएन मेडिकल कालेज में कार्यशाला, विशेषज्ञों ने जताई चिंता
- हादसे रोकने को युवा पीढ़ी और समाज को ही अपने व्यवहार में लाना होगा बदलाव

**आगरा।** एसएन मेडिकल कालेज में गुरुवार को ऐसे ज्वलंत विषय पर कार्यशाला हुई जिस पर सरकार तो सोच रही है, संसाधन उपलब्ध करा रही है, जागरूकता ला रही है लेकिन समाज है कि जानते हुए भी मान नहीं रहा है। सड़क हादसों के खतरनाक रुझान पर चिंता जताते हुए चिकित्सा विशेषज्ञों ने कहा कि बीमारी के कारण अगर जिंदगी खतरे में पड़ जाए तो मौत के शिकंजे से निकाला जा सकता है मगर, सड़क पर होने वाले हादसों को रोकते हुए अपनी जिंदगी तो खुद ही बचानी होगी।



एसएन मेडिकल कालेज में कार्यशाला में मौजूद चिकित्सक और पुलिस अधिकारी। इस कार्यशाला में चिकित्सा छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रही।

एस. एन. मेडिकल कॉलेज, आगरा के सर्जरी विभाग द्वारा 'भारतीय सड़कों पर मृत्यु दर का खतरनाक रुझान' विषय पर आयोजित इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ बाल रोग सर्जन और सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. संजय कुलश्रेष्ठ जी ने सड़क दुर्घटनाओं के वैज्ञानिक विश्लेषण और व्यावहारिक दृष्टिकोण पर एक विस्तृत प्रेजेंटेशन दिया। उन्होंने इस विषय पर आधारित अपनी पुस्तक सुनामी ऑन रोड्स के बारे में भी बताया कि कैसे ट्रैफिक इंजीनियरिंग और ट्रॉमा केयर मिलकर अमूल्य जानें बचा सकते हैं। डा. कुलश्रेष्ठ ने बताया कि वर्ष 2023-24 में भारत में सड़क हादसों में 1.7 लाख मौतें हुई थीं। सड़क हादसे रोकने के लिए सरकार बहुत कुछ कर रही है लेकिन, युवा पीढ़ी के साथ ही समाज को भी अपने एटीट्यूड में बदलाव लाना होगा।

एडीसीपी ट्रैफिक अलका ने चिंताजनक आंकड़ा साझा करते हुए बताया कि दुनिया भर में सड़क हादसों में होने वाली हर 7 मौतों में से एक मौत भारत में होती है। दुर्घटनाओं की वजहों जैसे अचानक यू-टर्न और सड़क की गलतियों पर प्रकाश डाला। इससे निपटने के लिए सड़कों की बनावट में सुधार करने, साइनेज को सही तरीके से जानने, स्कूलों, कॉलेजों और कार्यशालाओं के माध्यम से लोगों को जागरूक करने, यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने, दुर्घटना के बाद त्वरित चिकित्सा सहायता की बात कही।

प्रधानाचार्य डा. प्रशांत गुप्ता ने सभी से अनिवार्य रूप से यातायात नियमों का पूरी निष्ठा से पालन करने की अपील की। सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश गुप्ता ने वाहन चालकों को गाड़ी चलाते समय धैर्य रखने और रोड रेज (सड़क पर होने वाले विवाद व गुस्से) से बचने की सलाह दी। कार्यशाला का सफल संचालन डॉ. करन रावत ने किया। उपप्रधानाचार्य डॉ. टी. पी. सिंह, डॉ. अरुण राठौर, डॉ. जे. पी. एस. शाक्य, डॉ अनुभव गोयल , डॉ. मयंक अग्रवाल, डॉ. गौरव धाकरे, डॉ. तरुणेश शर्मा, डॉ अतिहर्ष मोहन,डॉ. योगिता, डॉ. अलका यादव, डॉ. सी. पी. गौतम, डॉ. गीतू सिंह, डॉ. प्रीति भारद्वाज आदि संकाय सदस्य , जूनियर रेजिडेंट्स व एमबीबीएस छात्र छात्रायें उपस्थित रहे।

# अग्निशमन सुरक्षा के प्रति जागरूक किया



टीएनएफ टुडे, आगरा।

सेवानिवृत्त सीएफओ शिवदयाल शर्मा ने हमारा पम्प नरवार फिलिंग स्टेशन ग्राम अंगूठी विचपुरी रायभा रोड थाना जगदीश पुरा जनपद आगरा के पैट्रोल पम्प कर्मचारियों को अग्निशमन सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। अग्निशमन सुरक्षा सम्वन्धी जानकारी दी गई। उपस्थित पैट्रोल पम्प कर्मचारियों को पैट्रोल पम्प पर आग लगने के मुख्य कारणों व बुझाने के भी सुझाव दिए गए। उपलब्ध अग्नि शामक यन्त्रों को चलाने की व बुझाते समय सावधानी वरतने के भी सुझाव दिए गए। उन्होंने उपस्थित पैट्रोल पम्प कर्मचारियों को फायर स्टेशन सहित आपातकालीन टेलीफोन नम्वरों की जानकारी दी। इस मौके पर उपस्थित मैनेजर अनूप नरवार व स्टाफ दिनेश कौशिक, सोनू, जितेन्द्र, अरविन्द, कुंवर प्रसाद, सत्य प्रकाश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# भोजपुरी स्टार शिवेश मिश्रा ने देखा ताज

## आगरा में जल्द ही गीतों की शूटिंग करने की बात कही

टीएनएफ टुडे, आगरा।





भोजपुरी संगीत जगत के उभरते हुए लोकप्रिय गायक शिवेश मिश्रा ने अपने परिवार के साथ ताजमहल का दीदार किया। आगरा आगमन पर स्थानीय स्तर पर उनका होटल प्रिंस संजय में भव्य स्वागत और सम्मान किया गया।

ताजमहल देखने के बाद उन्होंने मीडिया से कहा कि ताजमहल की खूबसूरती मंत्रमुग्ध कर देने वाली है। वे भविष्य में आगरा में एक शानदार गीत की शूटिंग करने की योजना बना रहे हैं।

बातचीत के दौरान शिवेश मिश्रा ने आगरा के वरिष्ठ समाजसेवी एवं ब्राह्मण महासभा भारत के कार्यवाहक राष्ट्रीय अध्यक्ष मुन्ना मिश्रा की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि मुन्ना मिश्रा का व्यक्तित्व प्रेरणादायक है। इस यात्रा के दौरान उनसे मिलने की विशेष इच्छा रही। लेकिन किसी कारणवश उनकी मुलाकात मुन्ना मिश्रा से नहीं हो सकी।

अपने करियर के बारे में बताते शिवेश मिश्रा ने उन संघर्षों और जुनून का जिक्र किया, जिनसे होकर उन्होंने संगीत की दुनिया में कदम रखा। उल्लेखनीय है कि शिवेश मिश्रा बिहार और उत्तर प्रदेश में अपने दर्द भरे गीतों, मधुर देवी भजनों और धमाकेदार स्टेज शो के लिए युवाओं और संगीत प्रेमियों के बीच बेहद लोकप्रिय हैं। उन्होंने कहा कि वे जल्द ही अपने प्रशंसकों के लिए नई संगीतमय सौगात लेकर आगरा आएंगे। इस मौके पर शिवाजी मार्कीट एसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज सचदेवा, संरक्षक श्याम भोजवानी, वीएन मिश्रा, राजकुमार मिश्रा, सतीश, निखिल आदि मौजूद रहे।





# सरेंधी में पौधारोपण का लक्ष्य पूरा, क्षेत्रभर में रोपे गए 10,150 पौधे

टीएनएफ टुडे, खेरागढ़।

पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से संचालित 'वृक्षारोपण महायज्ञ' के तहत ग्राम पंचायत सरेंधी ने निर्धारित लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूरा करते हुए 10,150 पौधों का रोपण किया। अभियान में पंचायत प्रशासन, सामाजिक कार्यकताओं और ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही।

अभियान के दौरान ग्राम पंचायत के विभिन्न वार्डों, परिषदीय विद्यालयों तथा खाली पड़ी सरकारी भूमि पर नीम, पीपल, बरगद, जामुन और आंवला सहित छायादार, फलदार एवं औषधीय पौधे लगाए गए। पौधारोपण में बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। खण्ड विकास अधिकारी गामा सिंह यादव ने ग्राम पंचायत के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे अन्य पंचायतों के लिए अनुकरणीय बताया। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि उनका संरक्षण कर उन्हें वृक्ष बनाना भी है। इसके लिए प्रत्येक ग्रामीण ने कम से कम एक पौधे की देखभाल का संकल्प लिया है। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित ग्रामीणों को पौधों की सुरक्षा, नियमित सिंचाई और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने की शपथ दिलाई गई।

# ऊंचागांव में निकली श्री जगन्नाथ रथयात्रा, भक्तिमय माहौल में गूंजे भजन-कीर्तन



टीएनएफ टुडे, शमशाबाद।

कस्बा के समाजसेवी साहब सिंह प्रधान के सानिध्य में ग्राम पंचायत राधे धाम, ऊँचागाँव में गुरुवार को प्रथम श्री जगन्नाथ यात्रा का शुभारंभ बड़े धूम-धाम से किया गया।16 जुलाई 2026 को आयोजित इस महोत्सव में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और माता सुभद्रा जी के भव्य रथ को श्रद्धालुओं ने पूरे गाँव में खींचा। यात्रा के दौरान पूरा गांव जय जगन्नाथ के जयकारों से गूंज उठा। रास्ते भर भजन-कीर्तन और ढोल-नगाड़ों के साथ भक्त झूमते नजर आए। कार्यक्रम के दौरान प्रसाद वितरण और विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ लिया।

इस पावन अवसर पर स्वामी वन्दनदास जी महाराज, साध्वी कुसुम शर्मा, सचिन गौर, ओमवीर सिंह, खलक सिंह, लाखन सिंह, महाराज सिंह और अवधेश ठाकुर सहित ग्राम के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### रथयात्रा हर साल निकाली जाएगी

समाजसेवी साहब सिंह प्रधान ने कहा कि यह पहली जगन्नाथ यात्रा है। आगे भी इसे हर वर्ष बड़े स्तर पर मनाया जाएगा। उन्होंने सभी ग्रामवासियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। पूरे दिन राधे धाम परिसर और गाँव में भक्तिमय माहौल बना रहा।

# 35 कुन्तल सरकारी चावल से लदी मैक्स पकड़ी

टीएनएफ टुडे, खेरागढ़।

सरकारी राशन की कथित कालाबाजारी के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 34.70 कुंतल फोर्टिफाइड चावल से लदी बिना नंबर प्लेट की मैक्स गाड़ी पकड़ी गई। इस मामले में चार लोगों के खिलाफ थाना खेरागढ़ में नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सूर्य प्रकाश पाठक की तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

बुधवार को नायब तहसीलदार अनुज दीक्षित ने गांव खानपुर के पास चेकिंग के दौरान बिना नंबर प्लेट की मैक्स गाड़ी को पकड़ा था। जांच में वाहन से 34.70 कुंतल चावल बरामद हुआ, जिसे मथुरा ले जाया जा रहा था।

### चार आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई

क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी की तहरीर पर सोनू कुमार (प्रोपराइटर, श्याम जी ट्रेडर्स, नवीन गल्ला मंडी खेरागढ़), रूपेश पुत्र रामेश्वर निवासी सालेहनगर बरबर, खेरागढ़, गोयल ट्रेडिंग कंपनी, मथुरा तथा वाहन चालक गौरव गोयल निवासी जलेसर, एटा के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम समेत अन्य संबंधित धाराओं में नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है।

पूछताछ में सोनू कुमार ने दावा किया कि उसने यह चावल रूपेश से खरीदा था और यह वर्ष 2024 की नीलामी का पुराना स्टॉक है। हालांकि आपूर्ति विभाग की जांच में बरामद चावल नया एवं फोर्टिफाइड पाया गया। अधिकारियों के अनुसार फोर्टिफाइड चावल सार्वजनिक वितरण प्रणाली (राशन वितरण) के लिए उपयोग किया जाता है, जिससे नीलामी वाला पुराना स्टॉक होने का दावा प्रथम दृष्टया सही नहीं पाया गया।

बरामद चावल को सुरक्षित रखने के लिए पीपलखेड़ा के उचित दर विक्रेता अनेक सिंह के सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और चावल के स्रोत तथा संभावित कालाबाजारी के पूरे नेटवर्क की पड़ताल की जा रही है।

# उद्योग बन्धु समिति की बैठक 24 को

**आगरा।** संयुक्त आयुक्त, उद्योग अनुज कुमार ने अवगत कराया है कि 24 जुलाई को अपरान्ह 12 बजे से मण्डलायुक्त नगेन्द्र प्रताप की अध्यक्षता में आयुक्त सभागार में मण्डल स्तरीय उद्योग बन्धु समिति बैठक आयोजित की गई है। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों और सदस्यों से आग्रह किया है कि वे प्रगति आख्याओं एवं बैठक से सम्बन्धित आवश्यक बिन्दुओं पर चर्चा के लिये उपरोक्त निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर ससमय प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। उन्होंने पिछली बैठकों में लम्बित रहे प्रकरणों पर अब तक की गई कार्रवाई की अनुपालन आख्या शीघ्रातिशीघ्र उनके कार्यालय में उपलब्ध कराने का आग्रह किया है।

# जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



टीएनएफ टुडे, खेरागढ़।

प्रदेशव्यापी भूजल सप्ताह के अंतर्गत गुरुवार को विकास खंड खेरागढ़ के गांव भिलाबली स्थित प्राथमिक विद्यालय में जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीडीओ परवेज आलम ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को भूजल संरक्षण की शपथ दिलाई।बीडीओ ने कहा कि ₹जल संरक्षण का करें संकल्प, इसका नहीं है कोई विकल्प₹ केवल एक नारा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संकल्प है। उन्होंने छात्रों से पानी का विवेकपूर्ण उपयोग करने, वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने तथा अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी जल संरक्षण के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।इस दौरान विद्यार्थियों ने जल की प्रत्येक बूंद बचाने, जल का दुरुपयोग नहीं करने तथा पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में शिक्षकों ने भी जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने का संदेश दिया।भूजल सप्ताह के तहत 16 से 22 जुलाई तक विकास खंड क्षेत्र में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनके माध्यम से जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का प्रयास किया जाएगा।

# रूडसेटी संस्थान में विश्व युवा कौशल दिवस पर कार्यक्रम



टीएनएफ टुडे, आगरा।

विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर रूडसेटी संस्थान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें खंदौली ब्लॉक प्रमुख आशीष शर्मा मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने युवाओं को कौशल विकास और स्वरोजगार के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि कौशल आधारित प्रशिक्षण आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव है। इस अवसर पर संस्थान से प्रशिक्षण लेकर सफल व्यवसाय स्थापित करने वाले पूर्व प्रशिक्षार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संस्थान की निदेशक संगीता कुजूर ने भी युवाओं को स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित किया। संचालन वरिष्ठ संकाय सदस्य बृज मोहन पाण्डेय और दिनेश तोमर ने किया। कार्यक्रम में संस्थान के कर्मचारी, वर्तमान व पूर्व प्रशिक्षार्थी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# टीएनएफ टुडे का दूसरा कला मंथन आज

## डिजिटल मंचों की नई दुनिया में कला मंथन जरूरी

टीएनएफ टुडे, आगरा।

ओटीटी प्लेटफार्म के दौर पर एक संवाद, चुनौतियां, अवसर और नियंत्रण विषय पर मंथन करने की जरूरत है। इस समय सेंसरशिप की जरूरत है या रचनात्मकता के अंत होने का समय, इस विषय पर शुक्रवार को कला मंथन का मंच सजेगा।

यह मंच प्रत्येक शुक्रवार को सजता है। टीएनएफ टुडे के साथ कन्हैया लाल मणिकलाल मुंशी हिंदी तथा भाषा विज्ञान विद्या पीठ डा. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय की संयुक्ति प्रस्तुति संस्थान के सूर कक्ष में आयोजित की जाएगी। सम्पादक धीरज शर्मा के अनुसार कार्यक्रम 17 जुलाई को दोपहर दो बजे होगा। जिसका समन्वयन सूरज तिवारी करेंगे। इस समय बृज भर के कला साहित्य एवम अन्य रचना धर्मी भाग ले उक्त विषय पर मंथन करेंगे।

# आगरा गवाहों के बयानों में विरोधाभास पड़ा भारी; कोर्ट ने दहेज हत्या के मामले में पति, सास और ससुर को किया बरी

टीएनएफ टुडे, आगरा।

सिकंदरा थाना क्षेत्र के एक चर्चित दहेज हत्या के मामले में आगरा की एक स्थानीय अदालत ने आज बड़ा फैसला सुनाया है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (न्यायालय संख्या-19) के पीठासीन अधिकारी लोकेश कुमार ने साक्ष्यों और गावहों के बयानों का विस्तृत परीक्षण करने के बाद आरोपी पति रवि, सास रेखा देवी और ससुर कोमल सिंह को सभी आरोपों से दोषमुक्त (बरी) करते हुए रिहा करने के आदेश जारी किए हैं 66 न्यायालय ने कहा- अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ लगाए गए आरोपों को संदेह से परे सिद्ध करने में पूरी तरह असफल रहा हैं।

रवि (पति) रेखा देवी (सास) कोमल सिंह (ससुर) पुलिस कार्रवाई और कानूनी प्रक्रिया शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 304-बी (दहेज मुत्यु), 498-ए (विवाहिता को प्रताड़ित करना), 302/34 (हत्या) और दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत मुकदमा दर्ज किया था। मामला दर्ज होने के बाद पति रवि, ससुर कोमल सिंह और सास रेखा देवी ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया था, जिसके बाद उन्हें न्याजिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस को देवर नरेश के खिलाफ कोई पर्याप्त साक्ष्य नहीं मिले, जिसके कारण उसे आरोपपत्र (चार्जशीट) से बाहर कर दिया गया था। बाद में, उच्च न्यायालय से सास रेखा देवी और ससुर कोमल सिंह को जमानत मिल गई थी, जबकि पति रवि लगातार जेल में ही बंद था

अदालत में क्यों पलटा मामला

मुकदमे की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत में सात गवाह पेश किए गए और उनके बयान दर्ज कराए गए। हालांकि, जिरह के दौरान इन गवाहों के बयानों में कई महत्वपूर्ण और बड़े विरोधाभास सामने आए, जिससे अभियोजन की कहानी कमजोर हो गई।

# 50 प्रतिशत अनुदान पर किसानों को मिलेंगे यंत्र

टीएनएफ टुडे, आगरा।

**आगरा।** उपनिदेशक कृषि मुकेश कुमार ने जनपद के समस्त किसानों को अवगत कराया है कि कृषि विभाग में संचालित विभिन्न योजनान्तर्गत एग्रीगेटर, कस्टम हायरिंग सेन्टर, मशीनरी बैंक, कृषि ड्रोन, आयल एक्सट्रैक्शन यूनिट (10 टन क्षमता) एवं मिनी ऑयल एक्सट्रैक्शन यूनिट, दाल मिल एवं अन्य एकल कृषि यंत्र/ कृषि रक्षा उपकरण के आनलाइन आवेदन 16 जुलाई को दोपहर 12 बजे से 30 जुलाई रात्रि 12 बजे तक किए जाएंगे। समस्त प्रकार के फसल अवशेष प्रबन्धन वाले कृषि यंत्रों पर अधिकतम 50% या निर्धारित अधिकतम धनराशि दोंनों में जो कम हो अनुदान अनुमन्य होगा। योजनान्तर्गत कृषि यंत्रों हेतु पंजीकृत कृषक एवं कस्टम हायरिंग सेन्टर हेतु ग्रामीण उद्यमी एवं फार्म मशीनरी बैंक हेतु एफपीओ आवदेन कर सकते हैं। आवेदन के समय ही कृषक को यंत्रवार निर्धारित जमानत धनराशि आनलाइन जमा करनी होगी।

# यमुना तट पर गूंजा 'जय जगन्नाथ', रथयात्रा महोत्सव में उमड़ा आस्था का सैलाब

## दो सौ वर्ष पुराने प्राचीन मंदिर में देर रात तक गूंजते रहे जय जगन्नाथ के जयकारे

टीएनएफ टुडे, आगरा।

यमुना किनारा, बेलनगंज स्थित लगभग दो सौ वर्ष प्राचीन श्री जगन्नाथ जी महाराज मंदिर में गुरुवार को श्री जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। सायंकाल भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र एवं देवी सुभद्रा के रथयात्रा स्वरूप के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। पूरे मंदिर परिसर में ₹जय जगन्नाथ₹ के उद्घोष,भजन-कीर्तन और भक्तिमय वातावरण ने सभी को भावविभोर कर दिया सायं 4 बजे से भगवान श्री जगन्नाथ के रथयात्रा स्वरूप के दर्शन प्रारंभ हुए, जो रात्रि 11 बजे तक निरंतर चलते रहे। श्रद्धालुओं ने प्रभु के दिव्य स्वरूप के दर्शन कर सुख-समृद्धि एवं विश्व कल्याण की कामना की।

मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था तथा भगवान का विशेष श्रृंगार भक्तों के आकर्षण का केंद्र रहा रथयात्रा दर्शन के अवसर पर आयोजित भजन संध्या में भगवान श्री जगन्नाथ के भजनों एवं संकीर्तन से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालु देर रात तक भजन-कीर्तन में झूमते रहे। भगवान के जयकारों और संकीर्तन से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक महाप्रसाद ग्रहण किया श्री मनःकामेश्वर मंदिर मठ के श्रीमहंत योगेश पुरी ने मंदिर में दर्शन लाभ प्राप्त करते हुए कहा कि प्राचीन मंदिर केवल पूजा-अर्चना के स्थान नहीं, बल्कि हमारी सनातन संस्कृति, परंपरा और आध्यात्मिक ऊर्जा के जीवंत केंद्र हैं। उन्होंने कहा कि नए मंदिरों का निर्माण



अवश्य होना चाहिए, क्योंकि यह धर्म और आस्था के विस्तार का प्रतीक है, लेकिन इसके साथ ही हमें अपनी प्राचीन धरोहरों और परंपराओं को कभी नहीं भूलना चाहिए।

उन्होंने कहा कि यमुना तट पर स्थित श्री जगन्नाथ महाराज मंदिर की एक-एक ईंट इसकी गौरवशाली प्राचीनता, वर्षों की साधना और अनगिनत भक्तों की आस्था की साक्षी है। ऐसे मंदिरों में सदियों से निरंतर होने वाली पूजा, आराधना और मंत्रोच्चार से एक दिव्य आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है, जिसे शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता।

श्री प्रेमनिधि जी मंदिर के मुख्य सेवायत सुनीत गोस्वामी ने समाज, धमार्चार्यों और प्रशासन से ऐसे प्राचीन मंदिरों के संरक्षण एवं जीर्णोद्धार के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी अपनी इस अमूल्य सांस्कृतिक विरासत से जुड़ सकें।

मंदिर के पुजारी पंडित लक्ष्मण शर्मा एवं मुखिया सरिता शर्मा ने बताया कि यह मंदिर आगरा की प्राचीन धार्मिक धरोहरों में से एक है। वर्ष 1978 में आगरा में पहली बार श्री जगन्नाथ जी की रथयात्रा का शुभारंभ इसी मंदिर से हुआ था। विभिन्न परिस्थितियों के कारण नगर भ्रमण वाली रथयात्रा आगे निरंतर नहीं निकल सकी, लेकिन उस समय का ऐतिहासिक रथ आज भी मंदिर परिसर में सुरक्षित रखा गया है। उन्होंने कहा कि मंदिर में भगवान की सभी पारंपरिक सेवाएं और उत्सव आज भी विधिवत संपन्न किए जाते हैं सीए राकेश अग्रवाल ने कहा कि किसी भी शहर की वास्तविक पहचान केवल उसकी आधुनिक इमारतों से नहीं, बल्कि उसकी सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहरों से होती है। यमुना तट पर स्थित श्री जगन्नाथ महाराज मंदिर आगरा की ऐसी ही अमूल्य विरासत है, जिसने दो शताब्दियों से आस्था की ज्योति को निरंतर प्रज्ज्वलित रखा है महोत्सव को सफल बनाने में स्नेहा शर्मा, चिराग शर्मा, आदर्श नंदन गुप्त, पूनम भारद्वाज, रवि राठौर, पवन सिंघल, संजीव अग्रवाल, राजेश खंडेलवाल, तरंग सिंघल आदि का सहयोग रहा।

प्राचीन श्री जगन्नाथ जी महाराज मंदिर, यमुना किनारा में रथयात्रा महोत्सव के दौरान भगवान के दिव्य दर्शन करते श्रद्धालु।

# भगवान जगन्नाथ प्रभु की भव्य रथयात्रा देखने को उमड़े श्रद्धालुओं की आस्था का सैलाब

टीएनएफ टुडे, आगरा।

श्री श्री रथ यात्रा महोत्सव के अंतर्गत गुरुवार को बल्केश्वर के प्राचीन महादेव मंदिर से प्रभु जगन्नाथ की आरती उतार कर शुभारंभ हुआ ,भव्य रथ यात्रा के आयोजन में हजारों की संख्या में श्रद्धालु श्री जगन्नाथ जी प्रभु की रथ यात्रा के दर्शन करने पहुंचे,भक्तों ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा में रथ पर विराजमान बलभद्र और सुभद्रा के साथ भगवान जगन्नाथ की झांकी का श्रृंगार बहुत ही अति सुंदर छवि के साथ भक्त प्रभु जगन्नाथ के जयघोष लगाते हुए रथ को श्रद्धापूर्वक और भक्तिभाव से खींचते हुए ले जा रहे थे, इस दौरान रथ यात्रा विभिन्न इलाकों से होती हुई निकली वहां पर खड़े श्रद्धालुओं ने भगवान का जगन्नाथ का आशीर्वाद लेकर खुद को धन्य मान रहे थे,रथयात्रा का जगह-जगह क्षेत्र नागरिकों द्वारा उत्साह के साथ पुष्प वर्षा कर श्री श्री भगवान जगन्नाथ प्रभु की आरती उतार कर स्वागत हजारों श्रद्धालु जगन्नाथ जी की यात्रा में शामिल भक्त ने भगवान के धार्मिक भजनों की सुरीली धुनों पर श्रद्धालु झूमते चल रहे थे, भगवान जगन्नाथ की भक्ति में डुबकी लगाते हुए उत्साह का नजारा देखने को मिला, फूलों के रथ पर सवार भगवान जगन्नाथ की जगह-जगह आरती उतारी गईं, बल्केश्वर प्राचीन शिव मंदिर से ही भक्तों में रथ को खींचने की होड़ दिखी,रथ यात्रा विभिन्न मार्ग से होते हुए बल्केश्वर महादेव मंदिर, बल्केश्वर तिराया, चांदनी चौक, सिटी मॉल, न्यू आदेश नगर, पानी की टंकी कमला नगर, मार्केट मुगल रोड महाराजा अग्रसेन सेवा सदन से श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर पहुंचकर समापन हुआ।

TNF® TODAY

टीएनएफ टुडे

थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे

tnftoday tnftoday

www.tnftoday.com / epaper



# आठ दिन से लापता बच्ची का नहीं सुराग

## घटना को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश



टीएनएफ टुडे, आगरा।

फतेहपुर सीकरी के गांव कराही के मजरा नगला रमले में विगत 9 जुलाई से लापता 12 वर्षीय मनु राजपूत को अब तक इलाका पुलिस तलाश नहीं कर पाई है। इसे लेकर स्थानीय लोगों में भारी अक्रोश है। पीड़ित परिजनों से करिश्मा लोधी जाटव ने मुलाकात कर समस्या के समाधान की मांग की है।

उन्होंने कहा कि पुलिस आठ दिन में अभी एक नाबालिग बच्ची को नहीं तलाश पा रही है। परिजन परेशान है। समाज में आक्रोश हैं। अगर जल्द पुलिस का पता नहीं लगा पाती तो हम आंदोलन को मजबूर होंगे।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से मनोरमा गुप्ता, टुंडा राम लोधी, सतीश राजपूत, सत्येंद्र लोधी, मिथुन लोधी, प्रेम सिंह लोधी, भूप सिंह लोधी, अजीत लोधी आदि मौजूद रहे।

## भूजल सप्ताह का शुभारंभ

# जिलाधिकारी मनीष बंसल ने हरी झंडी दिखाई

टीएनएफ टुडे, आगरा।



जनपद में गिरते भूजल स्तर को रोकने और वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मनीष बंसल ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर से प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झंडी दिखाकर ह्यभूजल सप्ताहह्ण का शुभारंभ किया। 16 से 22 जुलाई तक चलने वाले इस सात दिवसीय अभियान की थीम ह्यजल संरक्षण का करें संकल्प, इसका नहीं है कोई विकल्पह्ण रखी गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि भूजल संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का साझा दायित्व है। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ तय कार्ययोजना के अनुसार अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए।

अभियान के दौरान ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पंचायतों, नगर निकायों तथा विभिन्न विभागों के सहयोग से व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के तहत 16-17 जुलाई को ग्राम पंचायत स्तर, 18-19 जुलाई को विकास खंड स्तर, 20-21 जुलाई को नगर निकाय क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जबकि 22 जुलाई को जिला स्तरीय कार्यक्रम के साथ अभियान का समापन होगा। विद्यालयों में जल संरक्षण विषय पर शपथ ग्रहण, निबंध, चित्रकला और वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा। अभियान के दौरान रूफटॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग, जल स्रोतों के संरक्षण, पारंपरिक जल संरचनाओं के पुनर्जीवन और भूजल रिचार्ज तकनीकों के व्यापक प्रचार-प्रसार पर विशेष जोर रहेगा। लोगों को अपने घरों, विद्यालयों और संस्थानों में वर्षा जल संचयन प्रणाली स्थापित करने तथा जल के विवेकपूर्ण उपयोग के लिए प्रेरित किया जाएगा।

वरिष्ठ भू-भौतिकविद शशांक शेखर ने बताया कि शासन की कार्ययोजना के अनुरूप अभियान में व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित जल संसाधनों की मजबूत नींव रखी जा सके। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने नागरिकों से अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि तालाबों और जल निकायों के पुनर्जीवन में श्रमदान करें, वर्षा जल संचयन और रिचार्ज पिट बनवाएं, जल संरक्षण तकनीकों को अपनाएं।


# मेहनतकश लोगों को बांटी राहत सामग्री

**बरेली।** आज कुदेशिया फाटक नियर अण्डरपास, इज्जतनगर पर समाजसेवा से सम्बन्धित कार्य का आयोजन किया गया। इसमें ठेला चालक, रिक्शा चालक एवं विकलाँग एवं मेहनत कश मजदूरों को भीषण गर्मी से राहत देने के लिए एक गमछा एवं शीतल पेय पदार्थ का वितरण किया गया। इस मौके पर समाजसेवी मुकेश सक्सेना ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम प्रति वर्ष किये जाते हैं। कुछ लोगों के सहयोग से विना किसी संस्था के नाम के किया जाता है। इस कार्यक्रम के दौरान स्टेडियम के एथलिट कोच अजय कुमार कश्यप को सम्मानित किया गया। जो कि निस्वार्थ भाव से साधन विहीन बच्चों को निशुल्क लम्बे समय से कोचिंग दे रहे हैं। उनसे प्रशिक्षित बच्चे पुलिस विभाग, सेना एवं अर्धसरकारी सैनिक बल में सेवारत हैं। कश्यप अपनी निशुल्क सेवा और मेहनत से अपने रेल विभाग को भी गौरवान्वित कर रहे हैं। कार्यक्रम में विशेष रूप से पीके दुबे, पंकज कुमार, मनीष चौबे, जगवीर सिंह यादव, राजेश यादव, आन्नद चरन सिंह, विद्या शंकर, अनिल कुमार आदि उपस्थित रहे।

# योगासन भारत की मान्यता पर संकट

## खेल मंत्रालय के नियमों की अनदेखी पर उठे सवाल

टीएनएफ टुडे, आगरा।



दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा 'योगासन भारत' की मान्यता रद्द करने का फैसला खेल मंत्रालय और संबद्ध संस्थाओं के बीच की अनियमिताओं को उजागर करता है। नियमों के अनुसार, किसी भी फेडरेशन को राष्ट्रीय खेल महासंघ के रूप में मान्यता प्राप्त करने हेतु पिछले 3 वर्षों की संपूर्ण गतिविधियों, ऑडिटेड बैलेंस शीट और 3 सीनियर व 3 सब-जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का लेखा-जोखा देना अनिवार्य है। आगरा स्थित 'ऑल इंडिया योग स्पोर्ट्स एसोसिएशन' के महासचिव, डॉ. वीपी सिंह ने मामले पर गंभीर आरोप लगाते हुए एक विस्तृत शिकायत की हैं।

जब से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाई है। तब से भारत में योग के प्रति जागरूकता और सक्रिय इकाइयों की संख्या में वृद्धि हुई है। लेकिन यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि योग को औपचारिक खेलों में शामिल करने की बहुप्रतीक्षित मांग आज भी अधूरी है। योग्य योग संगठन उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। इसका सबसे बड़ा कारण खेल मंत्रालय और प्रशासनिक अधिकारियों की मिलीभगत और मनमानी है। जो हाल ही में 'योगासन भारत' की मान्यता रद्द होने के फैसले से साबित होता है। दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा 'योगासन भारत' की राष्ट्रीय खेल महासंघ के रूप में मान्यता रद्द किया जाना, नियमों की घोर अवहेलना का परिणाम है।

यदि योग को वास्तव में खेलों की श्रेणी में उचित सम्मान दिलाना है, तो योग्य संगठनों को आगे आना होगा। साथ ही योगासन भारत और मान्यता देने वाले खेल मंत्रालय के दोषी अधिकारियों के खिलाफ निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। खेल मंत्रालय को पारदर्शी तरीके से नए सिरे से मान्यता प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए।

# छात्र-छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

टीएनएफ टुडे, आगरा।

भूजल सप्ताह के अंतर्गत जनपद में जल संरक्षण एवं भूजल संवर्धन के प्रति जन-जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान के तहत विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। भूजल सप्ताह के शुभारंभ अवसर पर जिलाधिकारी ने भूजल जन-जागरूकता प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इसके उपरांत भूगर्भ जल विभाग, खण्ड-आगरा द्वारा रत्नमुनि जैन इंटर कॉलेज, लोहामंडी में छात्र-छात्राओं की सहभागिता से जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार वशिष्ठ तथा सीनियर जियोफिजिसिस्ट शशांक शेखर सिंह के मार्गदर्शन में कराया गया। रैली में लघु सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता, भूगर्भ जल विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा विद्यालय के शिक्षकगण भी शामिल हुए। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने जल संरक्षण संबंधी नारों एवं संदेशों के माध्यम से आमजन को जल बचाने का संदेश दिया।



# जीआरपी ने तीन आरोपी जेल भेजे

## आगरा कैंट मारपीट कांड में की गई पहली बड़ी कार्रवाई

टीएनएफ टुडे, आगरा।

कैंट रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ कर्मियों और डिप्टी स्टेशन सुपरिंटेंडेंट (डिप्टी एसएस) के बीच हुई मारपीट के मामले में जीआरपी ने पहली बड़ी कार्रवाई की है। जीआरपी ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। जीआरपी के अनुसार कार्रवाई वायरल वीडियो और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर की गई। जांच में सामने आया कि मारपीट और डिप्टी एसएस को घसीटने की घटना में कुछ बाहरी लोग भी शामिल थे। गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपी बाहरी बताए जा रहे हैं। आरोपियों पर डिप्टी एसएस के साथ मारपीट करने और उन्हें घसीटने का आरोप है। जीआरपी ने उनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 121(1) के तहत कार्रवाई की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच अभी जारी है। आरपीएफ कर्मियों समेत अन्य आरोपियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे भी कार्रवाई की जाएगी।

# लायंस क्लब ऑफ आगरा की नई कार्यकारिणी घोषित

## सीए राकेश अग्रवाल को मिली अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी

टीएनएफ टुडे, आगरा।

लायंस क्लब ऑफ आगरा विशाल सैफायर की नई प्रबंध कार्यकारिणी जुलाई 2026 से जून 2027 सत्र के लिए घोषित कर दी गई है। इस वर्ष क्लब का स्वर्ण जयंती वर्ष होने के कारण विशेष आयोजनों के लिए सीए राकेश अग्रवाल को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है। मनीष बंसल को सचिव तथा सोम मित्तल को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

नई कार्यकारिणी के अध्यक्ष सीए राकेश अग्रवाल ने बताया कि इस स्वर्ण जयंती वर्ष में क्लब द्वारा जरूरतमंद व असहाय लोगों की सेवा एवं कल्याण हेतु और अधिक गतिविधियाँ संचालित की जाएंगी। मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु नेत्र शिविर, ₹मिशन चलो गाँव की ओर₹ के अंतर्गत मेडिकल एवं डायबिटीज जांच शिविर, पित्ताशय एवं अपेंडिक्स ऑपरेशन शिविर, वृक्षारोपण कार्यक्रम तथा अन्य सेवा गतिविधियों सहित क्लब की पहचान बन चुके प्रमुख आयोजन इस वर्ष भी जारी रहेंगे। इस अवसर पर क्लब की पूर्व कार्यकारिणी के ला. सुनील गुप्ता, ला. अजय मनचंदा, पूर्व अध्यक्ष ला. अजय बंसल, ला. सुनील अग्रवाल, ला. संजय बंसल, ला. अनूप गुप्ता आदि ने नई कार्यकारिणी को बधाई दी।

# मंडलीय फुटबॉल टीम का चयन 25 को

**आगरा।** खेल निदेशालय, उत्तर प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश फुटबाल संघ के तत्वावधान में 1 से 8 अगस्त तक प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालक फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन मऊ में किया जा रहा हैं। आरएसओ संजय शर्मा के अनुसार उक्त प्रदेशीय बालक फुटबाल प्रतियोगिता में भाग लेने वाली आगरा मण्डल टीम का जिला स्तरीय चयन/ट्रायल्स 25 जुलाई को अपरान्ह 3 बजे से तथा मण्डल स्तरीय चयन/ट्रायल्स 26 जुलाई को 3 बजे से एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम पर किया जा रहा हैं। इन ट्रायल्स में वहीं बालक भाग ले सकते हैं, जिनका जन्म 1 जनवरी, 2011 से 31 दिसम्बर, 2012 के मध्य हुआ हो। ट्रायल्स में भाग लेने की प्रविष्टि निःशुल्क है। जूनियर बालक फुटबाल चयन/ट्रायल्स में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी 25 व 26 जुलाई को अपरान्ह 3 बजे अपने जन्म तिथि के मूल प्रमाण पत्र तथा आधार कार्ड सहित एकलव्य स्टेडियम पर बिल्लू चौहान, अध्यक्ष आगरा मण्डल फुटबाल एसोसियेशन एवं योगेश वर्मा, अंशकालिक फुटबाल प्रशिक्षक से सम्पर्क करें।

# भगवान झूलेलाल का चालिया महोत्सव शुरू



टीएनएफ टुडे, आगरा।

पूज्य सिंधी पंचायत, शहीद नगर के तत्वावधान में भगवान झूलेलाल के पावन चालिया महोत्सव का शुभारंभ श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ श्री झूलेलाल मंदिर, शहीद नगर में हुआ। प्रथम दिवस समाजसेवी श्याम भोजवानी ने ईष्टदेव भगवान झूलेलाल को पुष्पमाला अर्पित कर अखंड ज्योति प्रज्वलित की। समस्त समाज की सुख समृद्धि एवं विश्व कल्याण की प्रार्थना की, सिंधी महिला मंडल, शहीद नगर द्वारा भगवान झूलेलाल की आराधना, भजन कीर्तन एवं सत्संग का आयोजन किया गया। मंदिर की पुरोहिता इंद्रा शर्मा ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराई। उन्होंने बताया कि चालिया महोत्सव के 40 दिनों तक अखंड ज्योति के समक्ष प्रतिदिन आरती, अरदास और समाज की मंगलकामना के साथ धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आरती के उपरांत श्रद्धालुओं को मीठे चावल, छोले एवं मिष्ठान का प्रसाद वितरित किया गया।

इस अवसर पर समाजसेवी श्याम भोजवानी, हरीश शर्मा, दौलत मोडवानी, रमेश देवनानी, हरीश चंदानी, मनोज मोडवानी, कमल भोजवानी, कोमल नाजवानी, सीमा खानचंदानी, रिया चंदानी, भारती मोडवानी, भानु खानचंदानी, मोहन लालवानी, गीता, रेखा, पूजा, निर्मला, दिशा, देवी, मंजू आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# रोड निर्माण के दौरान गिरा पीपल का पेड़, सामाजिक वानिकी विभाग ने निर्माण एजेंसी पर किया केस

टीएनएफ टुडे, आगरा।

प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, आगरा ने बताया कि नगर निगम से अनुबन्धित निर्माण एजेंसी श्रीराम कंस्ट्रक्शन द्वारा सीएम ग्रिड योजना के अन्तर्गत देहली गेट पर मॉडल रोड निर्माण में खुदाई के दौरान पीपल का पेड़ गिर गया। पेड़ की जड़ के पास गहरी खुदाई करने से पेड़ की जड़ें खुल जाने के कारण पीपल का पेड़ गिर गया। चूंकि आगरा जनपद टीटीजैड के अन्तर्गत आता है। यहाँ किसी भी प्रकार का वृक्ष पातन से पूर्व सावोर्च्चा न्यायालय, नई दिल्ली से अनुमति प्राप्त किया जाना आवश्यक है। तत्कम में उक्त घटना का संज्ञान लेते हुए त्वरित जॉचोपरान्त लापरवाह कम्पनी श्रीराम कंसट्रैक्शन के दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम-1976 की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए विधिक कार्यवाही अमल में लाई गई है।



# एक मतदेय स्थल पर 1200 मतदाता डालेंगे वोट

## भारत निर्वाचन आयोग की ओर से मतदेय स्थलों का हुआ संभाजन

टीएनएफ टुडे, आगरा।



जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में मतदेय स्थलों के सम्भाजन (रेशनलाइजेशन) के सम्बन्ध में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची को अन्तिम रूप देने के संबंध में बैठक का आ?जन किया गया। कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के पत्र के अनुसार मतदेय स्थलों का सम्भाजन 1200 मतदाताओं के आधार पर कराया जाएगा। निर्देशों के क्रम में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों के भौतिक सत्यापन एवं सम्भाजन के पश्चात मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची का प्रकाशन किया जा चुका है। बैठक में बताया गया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची को अन्तिम रूप दिया जाना है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदेय स्थलों का संभाजन अधिकतम 1200 मतदाताओं व 02 किमी दूरी के आधार पर किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। बैठक में सांसद फतेहपुर सीकरी राजकुमार चाहर, विधायक चौ. बाबूलाल, डॉ. धर्मपाल सिंह, भगवान सिंह कुशवाह, छोटेलाल वर्मा , भजपा से महेश शर्मा, विजय भदौरिया, यशपाल राणा, आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ चतुर्वेदी समाजवादी पार्टी से समीर अब्बास, सीपीआई से रामनाथ शर्मा उपस्थित रहे।

# आरटीआई प्रशिक्षण कार्यक्रम अब 17 जुलाई को

टीएनएफ टुडे, आगरा।

नोडल अधिकारी जनसूचना/अपर जिलाधिकारी (प्रोटोकॉल) अमरेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया है कि 17 जुलाई को आरटीआई प्रशिक्षण कार्यक्रम की बैठक होगी। उन्होंने अवगत कराया है कि प्रमुख सचिव, उ०प्र० शासन, प्रशासनिक सुधार अनुभाग-2, लखनऊ तथा आयुक्त, आगरा मण्डल के निदेशों के क्रम में पूर्व निर्धारित समय सायं 4 बजे से 7 बजे के स्थान पर अब यह प्रशिक्षण दोपहर 12 से अपराह्न 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम 17 जुलाई को आयुक्त, आगरा मण्डल, आगरा के सभागार में सम्पन्न होगा।

## सम्पादकीय

# नेपाल में उठ रही हिंदी की मांग

ऐसा नहीं कि नेपाल में हिंदी के विरोधी नहीं है। लिपुलेख और कालापानी विवाद के वक्त तो तत्कालीन नेपाली प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने नेपाल में हिंदी पर पाबंदी लगाने तक की बात कर डाली थी। यह बात और है कि इसका विरोध उनकी पार्टी में ही हुआ था। हिंदी के मशहूर पत्रकार बनारसीदास चतुर्वेदी ने हिंदी में जनपदीय आंदोलन चलाया था। नेपाल के हिंदी समर्थकों को इसे भी ध्यान में रखना होगा। बनारसी दास चतुर्वेदी जनपदीय भाषाओं को बढ़ावा देने के जरिए भाषायी लोकतंत्र की वकालत कर रहे थे। उन्हें पता था कि जनपदीय भाषाओं के आपसी संपर्क और संवाद के लिए हिंदी ही सहयोगी होगी। इसलिए वे जनपदीय भाषाओं के विस्तार के जरिए हिंदी को बढ़ावा दे रहे थे। नेपाल के हिंदी समर्थकों को भी आपसी भाषाओं के बीच कुछ उसी तरह सौहार्द को बढ़ावा देते हुए हिंदी के विकास की बात करनी होगी। इसी बहाने नेपाल में वे हिंदी को प्रतिष्ठापित करने में सफल हो सकेंगे। नेपाल में 133 भाषाएं बोली जाती हैं। लेकिन यहां मोटे तौर पर नेपाली और अंग्रेजी माध्यम से ही पढ़ाई होती है। नेपाल में हिंदी की पढ़ाई की मांग करने वाले वर्ग का तर्क है कि अगर हिंदी को शासकीय मान्यता मिलती है और उसकी पढ़ाई होती है तो वह नेपाल की सभी 133 भाषाओं के आपसी संपर्क का सबसे बड़ा जरिया होगी। यह मांग कुछ वैसे ही है, जैसे भारत में आपसी संपर्क भाषा के लिए हिंदी को अपनाने का विचार केशवचंद्र सेन, गुजराती कवि नर्मदा शंकर उपाध्याय, लोकमान्य तिलक, महात्मा गांधी और बिनोबा भावे सदृश हस्तियों ने दिया था। विनोबा और पुरूषोत्तम दास टंडन ने तो देवनागरी लिपि को दूसरी भाषाओं द्वारा अपनाए जाने और उसके विस्तार की जोरदार पैरवी की थी। रमन पांडेय जैसे लोग भी नेपाल में हिंदी को कुछ उसी तरह आगे लाने की मांग कर रहे हैं। उनका तर्क है कि अगर हिंदी को मान्यता मिली तो नेपाल की स्थानीय भाषाओं के बीच मजबूत कड़ी बनकर उभरेगी। वैसे भी मधेस समुदाय जब दूसरे भाषा-भाषी से बात करता है तो वह हिंदी का ही सहारा लेता है। इससे नेपाली एकता की भावना को तो मजबूती मिलेगी ही, भारतीय सीमा पार रिश्तों को निभाने में नेपाली लोगों मदद मिलेगी। हिंदी समर्थकों का यह भी तर्क है कि मधेस समुदाय की आपसी एकता को भी हिंदी के ही जरिए मजबूती मिल सकेगी। मधेस आबादी नेपाल के बाइस जिलों में फैली हुई है। रमन पांडेय जैसे लोगों का तर्क है कि बाइस जिलों के लोगों को एक माला में जोड़ने में हिंदी ही कामयाब हो सकती है। रमन पांडेय का कहना है कि नेपाली भाषा बेहद छोटे समुदाय खस आर्य की भाषा है। जिनकी संख्या एक करोड़ भी नहीं है। लेकिन वह पूरे देश की एक मात्र भाषा बनी हुई है। इसमें दो राय नहीं कि नेपाल के तराई यानी मधेस और भारत से सटे इलाकों में हिंदी का प्रभाव गहरा और व्यापक है। नेपाल और भारत की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत साझा है। नेपालमें भी हिंदी का व्यापक स्तर पर प्रयोग होता है। इतना ही नहीं, मधेस समुदाय के आपसी संपर्क का भी जरिया हिंदी ही है। हिंदी पहाड़ी यानी खस समुदाय के लिए भी मधेस समुदाय से जुड़ने का जरिया है। अगर हिंदी को मान्यता मिलती है तो संपर्क भाषा हिंदी को नई ताकत मिलेगी। हिंदी नेपाली समुदायों को तो आपस में जोड़ेगी ही, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक साझा विरासत की बुनियाद पर नेपाल और भारत के रिश्तों को भी नई गति मिलेगी। नेपाल की जनकपुर उपमहानगर पालिका ने अपने अधीन प्राथमिक विद्यालय में मैथिली भाषा की पढ़ाई का फैसला लिया है। जनकपुर से महज तीस किलोमीटर दूर भारतीय सीमा में पहले से ही मैथिली की पढ़ाई हो रही है। भारत में मैथिली भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल भाषा है। चूंकि जनकपुर के आसपास मैथिलीभाषियों की अच्छी-खासी संख्या है। लिहाजा जनकपुर उपमहानगर पालिका के इस निर्णय का मैथिलभाषी समुदाय में स्वागत होना लाजमी है। लेकिन नेपाल का ही एक वर्ग इस फैसले के विरोध में उतर आया है। दिलचस्प यह है कि उसे मैथिली से कोई बुनियादी विरोध नहीं है, बल्कि वह चाहता है कि मधेस इलाकों में हिंदी की विधिवत पढ़ाईहोनी चाहिए। हिंदी समर्थक इस वर्ग का तर्क है कि इस कदम से नेपाल में बोली जाने वाली भारतीय मूल की भाषाओं के बीच एकता का संदेश जाएगा और यह एकता मधेस समुदाय की राजनीतिक ताकत को बढ़ावा देगी। लेकिन मधेस समाज के लोग अपनी-अपनी भाषाओं की अगर पढ़ाई पर जोर देने लगेंगे तो इससे मधेस समाज में बिखराव आएगा और उनकी एकता में दरार बढ़ेगी। इसका सीधा फायदा संख्या के लिहाज से मधेस समुदाय की तुलना में छोटा खस आर्य मूल के नेपाली समुदाय का नेपाल की राजनीति में वर्चस्व बना रह सकता है।

# मंदिर में चोरी और नेहरू जी

ध्यान रहे कि 2024 में प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि 'राम राष्ट्र हैं और देव देश हैं।' हालांकि यह विचार संविधान की धर्मनिरपेक्ष भावना के खिलाफ था, फिर भी अगर मोदी को अपने कहे पर यकीन था तो अब अपने राष्ट्र और देश पर चोरों की कुदृष्टि देखकर भी वे शांत कैसे हैं। नरेन्द्र मोदी के समर्थकों ने हाल ही में उनकी सत्ता के 12 साल पूरे होने पर इस बात की खुशी मनाई कि मोदी ने प.नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ दिया। हालांकि उसमें तथ्यात्मक गलती है, फिर भी उनकी खुशफहमी उन्हें मुबारक। जहां तक नेहरूजी से तुलना की बात है तो मंदिर चोरी का ऐसा ही प्रकरण राजस्थान में श्रीनाथद्वारा में भी हुआ था।

-अनाम


# ग्लोबल वार्मिंग से तीन गुणा ज्यादा तपेगी दुनिया

> “
> देखा जाये तो फ्रांस, इटली, ब्रिटेन, स्पेन, स्विट्जरलैंड, जर्मनी, मैक्सिको, बेल्जियम और नीदरलैंड में स्थिति ज्यादा भयावह है। फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन और इटली की सरकारों ने रेड अलर्ट जारी किया हुआ है। पूरे स्पेन में गर्मी का अलर्ट है। बेल्जियम और नीदरलैंड में भीषण गर्मी के चलते अभी तक 3700 से ज्यादा मौतें हो चुकी हैं। स्थानीय अधिकारियों की मानें तो यह आंकड़े शुरूआती हैं। आने वाले दिनों में इसमें और बढ़ोतरी हो सकती है। फ्रांस में अधिकांश हिस्सों में हाई अलर्ट है। वहां के 54 विभागों में रेड अलर्ट है। यहां 1947 के बाद यहां सबसे अधिक गर्म दिन और गर्मी इस बार देखी गयी है।

ग्लोबल वार्मिंग ने दुनियाभर में कहर ढाना शुरू कर दिया है। इसमें जलवायु परिवर्तन ने अहम भूमिका निबाही है। यहां तापमान वैश्विक औसत की तुलना में दोगुणी गति से बढ़ रहा है। इसके चलते लम्बे समय तक चलने वाली और हीटवेव की घटनायें ज्यादा तेजी से बढ़ रही हैं।हालात इस बात के सबूत हैं कि आने वाले दिनों में तापमान दो डिग्री तक पहुंच सकता है। दुनियाभर के शोध-अध्ययन इस बात के संकेत पहले ही दे चुके हैं। अध्ययनों की मानें तो ग्लोबल वार्मिंग के चलते असीमित गर्मी की संभावना को नकारा नहीं जा सकता। योरोप की भयंकर गर्मी इस बात की चेतावनी है। वह बात दीगर है कि योरोप की इस भयंकर गर्मी को 'हीटडोम' कहें, 'हीटवेव ' कहें या फिर उसे 'ओमेगा हीटवेव ' की संज्ञा दी जाये, हकीकत यह है कि योरोप भीषण गर्मी के साये में झुलस रहा है। हालात की भयावहता का सबूत यह है कि योरोप के कई देश 1970 के दशक की तुलना में दो महीने अधिक 'हीट स्ट्रेस' का भीषण असर झेल रहे हैं। इसके लिए ग्लोबल वार्मिंग और जीवाश्म ईंधन जिम्मेदार है। मौसम विभाग के अनुसार योरोप महाद्वीप के कई हिस्सों में हीटडोम बना हुआ है जिससे भीषण गर्मी पड़ रही है।सूरज की गर्मी हर दिन इसमें इजाफा करती है। नतीजतन बारिश और ठंडी हवायें भी राहत नहीं दे पातीं। हीटडोम चिंताजनक इसलिए भी है कि ये बहुत ही धीमी गति से आगे बढ़ते हैं। इससे लोग लम्बे समय तक गर्मी झेलने को मजबूर होते हैं।

देखा जाये तो फ्रांस, इटली, ब्रिटेन, स्पेन, स्विट्जरलैंड, जर्मनी, मैक्सिको, बेल्जियम और नीदरलैंड में स्थिति ज्यादा भयावह है। फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन और इटली की सरकारों ने रेड अलर्ट जारी किया हुआ है। पूरे स्पेन में गर्मी का अलर्ट है। बेल्जियम और नीदरलैंड में भीषण गर्मी के चलते अभी तक 3700 से ज्यादा मौतें हो चुकी हैं। स्थानीय अधिकारियों की मानें तो यह आंकड़े शुरूआती हैं। आने वाले दिनों में इसमें और बढ़ोतरी हो सकती है। फ्रांस में अधिकांश हिस्सों में हाई अलर्ट है। वहां के 54 विभागों में रेड अलर्ट है। यहां 1947 के बाद यहां सबसे अधिक गर्म दिन और गर्मी इस बार देखी गयी है। यह वहां पर अभूतपूर्व स्थिति का द्योतक है। वहां हालात इतने खराब हैं कि वहां पर गर्मी से राहत पाने की कोशिश जानलेवा साबित हो रही है। इसी कोशिश में वहां जलाशयों व नदियों में गये तकरीबन 40 से ज्यादा लोगों की डूबने से मौत हो चुकी है। एफिल टावर के पास ट्रोकडेरो फाउंटेन में गर्मी की वजह से राहत की खातिर लोग कूदते देखे गये हैं। वहां शवों को रखने की जगह कम पड़ रही है। यही नहीं वहां घरों में रहने वालों और 45 से अधिक उम्र के लोगों के मरने की तादाद सबसे ज्यादा यानी 91 फीसदी है। बेल्जियम और नीदरलैंड में भी सबसे ज्यादा 85 साल से ज्यादा उम्र के लोगों की मौतें हुयी हैं। यह हालात की भयावहता का जीता-जागता सबूत है। इन हालातों ने स्वास्थ्य चुनौतियों को बढ़ा दिया है। परिवहन सुविधाओं पर भी काफी दबाव पड़ा है। लोग मानने लगे हैं कि अब ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को गंभीरता से लेने का समय आ गया है। इसमें देरी तबाही के खतरों को और बढ़ा देगी।

विशेषज्ञों के अनुसार योरोप में जानलेवा गर्मी के कहर से वहां गर्मी के रिकॉर्ड टूट सकते हैं। वैज्ञानिक इसे 'ओमेगा ब्लाक' नामक दुर्लभ मौसमी पैटर्न की संज्ञा दे रहे हैं। उनके अनुसार ओमेगा ब्लाक के चलते योरोप के कई देशों में तापमान रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गया है। इससे जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। स्कूल बंद करने पड़े हैं। बिजली आपूर्ति प्रभावित हुयी है और पौल्ट्री फार्मों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। विशेषज्ञों के अनुसार इस असामान्य गर्मी के पीछे ओमेगा ब्लाक नामक मौसमी पैटर्न जिसमें उच्च दबाव का क्षेत्र ग्रीक अक्षर 'ओमेगा' के आकार का बन जाता है। यह गर्म हवा को लम्बे समय तक एक ही इलाके में रोककर रखता है जिससे अमूमन तापमान सामान्य से 18 डिग्री सेल्सियस तक अधिक हो सकता है। फ्रांस के दक्षिण-पश्चिमी शहर पिसोस में तापमान 44.3 डिग्री को पार कर गया। उत्तर - पश्चिमी शहर ब्रिटनी में बिजली आपूर्ति ठप्प होने से हजारों लोग प्रभावित हुए, वहीं परमाणु ऊर्जा संयंत्रों को भी उत्पादन में सात फीसदी की कटौती करने को बाध्य होना पड़ा। कारण शीतलन के लिए वहां पर्याप्त पानी का अभाव था। इससे बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान हुआ है और स्वास्थ्य सेवाओं पर भारी दबाव पड़ा है सो अलग। वहीं इटली में फ्लोरेंस, मिलान,रोम, ट्यूरिन, वेरोना सहित सोलह शहरों में उच्च स्तर का हाई अलर्ट जारी करना पड़ा।



ब्रिटेन में बढ़ते तापमान के कारण समय से पहले स्कूलों को बंद करना पड़ा। फ्रांस में कारों में अत्याधिक तापमान के कारण छोटे बच्चे मौत के मुंह में चले गये। यहां के ब्रिटनी और पेज दे ला लोआर इलाके में बहुतेरे पौल्ट्री फार्म में अत्याधिक गर्मी से लाखों पक्षियों की मौत हो गयी। स्पेन में हीट स्ट्रोक से कई बुजुर्गों की मौत हो गयी। मौसम विज्ञानियों ने आशंका जतायी है कि यह गर्मी 2003 की योरोप में आयी विनाशकारी हीटवेव जैसी हो सकती है जिसमें तकरीबन 80,000 से ज्यादा लोग मौत के मुंह में चले गये थे। हालात की भयावहता का पता इससे चल जाता है कि फ्रांस में पेरिस के समीप ओरली के शवगृह के संचालक जौहेर हेतेंली की मानें तो उनके यहां शवों को रखने के सभी स्थान भर चुके हैं। अंतिम संस्कार में देरी के कारण शवों को सामान्य से अधिक समय तक सुरक्षित रखना पड़ रहा है। वहां अतिरिक्त शवों के लिए रेफ्रिजरेटेड ट्रेलर इस्तेमाल करने और अतिरिक्त जगह की जरूरत बतायी है। मरने वालों की बढ़ती तादाद को देखते हुए कई जगहों पर अंतिम संस्कार हेतु 10 जुलाई तक इंतजार करने को कहा गया है।

दरअसल अध्ययनों ने एक साल पहले ही चेता दिया था कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण तीन गुणा असीमित गर्मी पड़ने की संभावना है जिसके कारण लोग सहने की क्षमता से काफी मात्रा में प्रभावित होंगे जिनमें युवकों की तादाद ज्यादा होगी। नेचर रिव्यू अर्ध एण्ड इनवायरमेंट में प्रकाशित किंग्स कालेज के अध्ययन के निष्कर्ष के अनुसार स्वस्थ और युवा वयस्कों को बढ़ती गर्मी के चलते होने वाली कठिनाई की सीमा तीन गुणा होने की संभावना व्यक्त की गयी थी। अध्ययन कताओं ने चेतावनी दी थी कि जिस क्षेत्र में अत्याधिक गर्मी जैसे हालात होंगे, वहां वृद्ध लोगों को गर्मी से 35 फीसदी खतरा ज्यादा होगा। असलियत में होता यह है कि 60 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों के शरीर उम्र से सम्बंधित परिवर्तन के कारण अत्याधिक गर्मी के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। इनमें कम पसीना आना और धीमा रक्त सकुर्लेशन होता है। अध्ययन कर्ता प्रोफेसर टाम मैथ्यूज के अनुसार यदि वैश्विक तापमान दो डिग्री तक पहुंच जाता है तो इसके घातक परिणाम होंगे। इससे वृद्ध लोगों के लिए अबतक जीवित न रह पाने वाली गर्मी की सीमायें बढ़ी हैं। वहीं इससे युवा आने वाले समय में अधिक जूझते नजर आयेंगे। ऐसे में लंबे समय तक बाहर रहने वाले के अलावा छाया में रहने वाले लोग भी घातक हीटस्ट्रोक की चपेट में आ जायेंगे। शोधकताओं का दावा है कि असहनीय गर्मी में शरीर का मुख्य तापमान छह घंटे के भीतर 47 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ जाता है। यह स्थिति खतरनाक हो सकती है। इसलिए सरकारों को अब ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को गंभीरता से लेना होगा अन्यथा मानव जीवन का अस्तित्व ही खतरे में पड़ जायेगा।

**-ज्ञानेन्द्र रावत**
**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद हैं।)**

# विपक्ष को तोड़ने की भाजपा की राष्ट्रीय राजनीतिक रणनीति घृणित

भारत की संसद- राज्यसभा और लोकसभा दोनों- में अपनी ताकत बढ़ाने की कोशिश में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सत्ताधारी भाजपा ने विपक्षी राजनीतिक दलों को तोड़ने की राष्ट्रीय राजनीतिक रणनीति अपनाई है। 9 जुलाई 2026 को यह रणनीति बेशर्मी की हद तक पहुंच गई, जिससे लोकतंत्र और निष्पक्ष, नैतिक राजनीति को पसंद करने वालों में गहरी नाराजगी पैदा हुई है। पार्टी ने राज्यसभा के लिए तीन टीएमसी नेताओं को दोबारा नामांकित किया है, जिन्होंने 8 से 11 जून के बीच सदन से इस्तीफा दे दिया था। ये पूर्व टीएमसी सांसद सुखेंदु शेखर रे, सुष्मिता देव और प्रकाश चिकबारिक हैं। भाजपा ने पिछले महीने ही उनसे राज्यसभा से इस्तीफा दिलवाया था, क्योंकि वह सदन में टीएमसी को तोड़ नहीं पा रही थी। राज्यसभा में टीएमसी के 13 सांसद थे, और किसी अन्य पार्टी (जैसे भाजपा) में विलय या अलग समूह बनाने के लिए 9 सांसदों की जरूरत थी। बिना सीट गंवाए कानूनी रूप से अलग होने के लिए, पार्टी के चुने हुए विधायकों/सांसदों में से दो-तिहाई का किसी दूसरी राजनीतिक पार्टी में विलय करने या नई राजनीतिक इकाई बनाने पर सहमत होना जरूरी है।

जब भाजपा ऐसा कानूनी रूप से नहीं कर पाई, तो उसने उन सांसदों से सदस्यता से इस्तीफा दिलवा दिया, जिससे राज्यसभा में सीटें खाली हो गईं। इसके बाद, खाली सीटों के लिए राज्यसभा चुनाव की जरूरत पड़ी और चुनाव की तारीख 24 जुलाई घोषित की गई। फिर भाजपा ने उन्हीं तीन सांसदों को पार्टी का टिकट दिया, जब वे 9 जुलाई को औपचारिक रूप से भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा ने अभी मई में ही पश्चिम बंगाल का चुनाव जीता है और विधानसभा में उसके पास 208 सीटें हैं। इसलिए, भाजपा तीनों सांसदों को फिर से राज्यसभा भेजने की स्थिति में है, लेकिन अब भाजपा सांसद के तौर पर।

हालांकि, लोकसभा में भाजपा 28 में से 20 टीएमसी लोकसभा सांसदों को एक अलग इकाई बनाने के लिए मनाने में सफल रही। इस तरह लोकसभा में टीएमसी टूट गई, और अलग हुए समूह का विलय एनसीपीआई में हो गया, जो पूर्वोत्तर की एक कम जानी-मानी पार्टी है, हालांकि मूल रूप से पश्चिम बंगाल में रजिस्टर्ड है। ध्यान देने वाली बात है कि एनसीपीआई, भाजपा का समर्थन करती है और एनडीए का हिस्सा है। लोकसभा स्पीकर ने अभी तक इस विलय को मंजूरी नहीं दी है, और टीएमसी इसका विरोध करते हुए मांग कर रही है कि बागी सांसदों को अयोग्य घोषित किया जाए।

वहीं कोलकाता में, टीएमसी के 80 में से 60 से ज्यादा विधायकों ने रितब्रत बनर्जी के नेतृत्व में एक अलग गुट बना लिया है, जिन्हें विधानसभा स्पीकर ने विपक्ष का नेता माना है। स्पीकर के फैसले के आधार पर, इस अलग हुए गुट ने दावा किया है कि वे ही 'असली टीएमसी' हैं और उन्होंने मान्यता के लिए भारत के चुनाव आयोग में आवेदन भी किया है। ममता बनर्जी को भाजपा की इस साजिश का मुकाबला करना होगा, ताकि पार्टी की संस्थापक होने के नाते वह पार्टी का नाम और चुनाव चिह्न अपने पास बनाए रख सकें। फिर भी, महाराष्ट्र का अनुभव बताता है कि न तो शरद पवार अपनी पार्टी एनसीपी का नाम और चुनाव चिह्न बचा पाए और न ही उद्धव ठाकरे अपनी पार्टी शिवसेना का नाम और चुनाव चिह्न। यह सब भाजपा की उस पेंचीदा राजनीति की वजह से हुआ, जिस पर विपक्षी राजनीतिक दलों को तोड़ने और विपक्षी सरकारों को गिराने की रणनीति अपनाने का आरोप लगता रहा है।

2026 की शुरूआत में ही, भाजपा ने आप के 7 राज्यसभा सांसदों से अलग गुट बनवा कर उन्हें भाजपा में शामिल कर लिया था। पार्टी के अहम पदों से हटाए जाने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) के सात राज्यसभा सांसदों ने औपचारिक रूप से भाजपा का दामन थाम लिया। इन सांसदों में राघव चड्ढा, संदीप पाठक, डॉ. अशोक कुमार मित्तल, स्वाति मालीवाल, हरभजन सिंह, विक्रमजीत सिंह साहनी और राजिंदर गुप्ता शामिल हैं। इस बदलाव से उच्च सदन में आप की संख्या 10 से घटकर सि$र्फ तीन रह गई, जबकि भाजपा की संख्या बढ़कर 113 हो गई।

फिलहाल, राज्यसभा में भाजपा की अपनी संख्या 114 है, जो भाजपा के टिकट पर दोबारा चुने जाने वाले पूर्व टीएमसी सांसदों के आने के बाद 117 हो जाएगी। हालांकि, इससे राज्यसभा में भाजपा की संख्या पार्टी के इतिहास में सबसे ज्यादा हो जाएगी, फिर भी यह बहुमत के आंकड़े से छह कम होगी, जिसकी उसे सख्त ज़ारूरत है। राज्यसभा में बहुमत का आंकड़ा 123 है। फिर भी, तीन निर्दलीय सदस्य पार्टी का समर्थन कर रहे हैं, और सात मनोनीत सदस्य भी हैं। कुल मिलाकर, उनकी संख्या 127 हो जाएगी, जो साधारण बहुमत से चार ज्यादा है। एनडीए में भाजपा के सहयोगियों के पास 26 और सांसद हैं, और इसलिए, राज्यसभा में एनडीए की कुल सीटें 153 होंगी। यह संख्या सदन में किसी भी संवैधानिक संशोधन को पास करने के लिए जरूरी दो-तिहाई बहुमत (164 सीटें) से 11 कम है–जिसे भाजपा नेतृत्व हासिल करने की कोशिश कर रहा है, खासकर परिसीमन जैसे मामलों में।

**-डॉ. ज्ञान पाठक**

## सितारों की चाल: आपका भविष्यफल

**दिनांक 18 जुलाई 2026 शनिवार आषाढ़ शुक्ल चतुर्थी**

**कल का दिन कैसा होगा? इसकी तैयारी आज ही करें!**

प्रिय पाठकों, TNF टुडे हमेशा आपकी सुविधा को सर्वोपरि रखता है। इसी उद्देश्य से हम आपको एक दिन अग्रिम (Advance) राशिफल प्रदान कर रहे हैं ताकि आप अपने महत्वपूर्ण कार्यों, बैठकों और यात्राओं की योजना आज रात ही बना सकें। सितारों की चाल जानकर संभावित चुनौतियों के प्रति पहले से सजग रहना ही सफलता की पहली सीढ़ी है।



मार्गदर्शन: आचार्य दीदी
डॉ. सरस्वती देवकृष्ण गौड़
(एस्ट्रो वास्तु शोधनम)
मो. 9119336673

### शुभकार्य हेतु आज का चंद्रबल

आज मेष वृष सिंह कन्या धनु और मीन राशि के जातकों का आत्मबल मानसिक उत्साह और भाग्य का सहयोग बहुत उत्तम रहेगा। शनिवार का दिन साक्षात न्याय के देवता भगवान शनिदेव की आराधना के लिए विशेष रूप से फलदायी माना जाता है। आज के दिन शनिदेव को सरसों का तेल अर्पित करना तथा हनुमान चालीसा का वाचन करना जीवन में असीम मानसिक शांति आरोग्यता पारिवारिक सुख और उच्च प्रशासनिक सफलता लेकर आता है।

### मेष

आज आपकी सामाजिक साख और व्यावसायिक प्रतिष्ठा में भारी वृद्धि होगी जिससे कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव अत्यधिक होगा और सोचे हुए सभी रुके हुए काम गति पकड़ेंगे। व्यापारिक क्षेत्र में चल रही पुरानी सुस्ती आज पूरी तरह समाप्त होगी और अचानक नए माध्यमों से प्रचुर धन लाभ होने के सुंदर योग बन रहे हैं। शनिदेव को प्रणाम करें जिससे आपके मार्ग की सभी बाधाएं हमेशा के लिए दूर होंगी।

### वृष

आज का दिन आपके लिए आर्थिक और पारिवारिक दृष्टिकोण से अत्यंत भाग्यशाली सिद्ध होगा और भूमि भवन से जुड़े पुराने विवाद हल होंगे। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारियों के सहयोग से आपको किसी मुख्य और प्रतिष्ठित कार्य की जिम्मेदारी मिल सकती है जिससे मस्तक ऊंचा होगा और मन अत्यंत प्रसन्न रहेगा। शनि चालीसा का जाप करें जिससे आपके घर में स्थाई सुख और ऐश्वर्य का वास होगा।

### मिथुन

आज आप अपनी तीव्र बुद्धिमत्ता और प्रखर वाणी के बल पर जटिल से जटिल व्यावसायिक और व्यापारिक समस्याओं को बेहद आसानी से हल कर लेंगे। स्वास्थ्य के प्रति बिल्कुल भी लापरवाही न बरतें और विशेष रूप से अत्यधिक काम के बोझ के कारण होने वाली शारीरिक थकावट से खुद को बचाएं। शनिवार को पीपल के वृक्ष के पास दीप प्रज्वलित करें जिससे आपके भाग्य के बंद द्वार शीघ्र खुलेंगे।

### कर्क

मानसिक रूप से आज आप खुद को अत्यधिक ऊर्जावान और शांत महसूस करेंगे जिससे किसी महत्वपूर्ण व्यावसायिक निवेश का निर्णय लेने में आपको सफलता मिलेगी। परिवार की ओर से कोई अत्यंत सुखद और गौरवमयी समाचार प्राप्त हो सकता है जिससे पूरे परिवार में उल्लास का माहौल बना रहेगा। शनिदेव के सम्मुख सरसों के तेल का दीप अर्पित करें जिससे आपकी आर्थिक चिंताएं समाप्त होंगी।

### सिंह

आज कार्यस्थल पर सहकर्मियों या व्यावसायिक साझेदारों के साथ किसी भी प्रकार के व्यर्थ के अहंकार के टकराव से आपको पूरी तरह बचना होगा। वाहन या किसी भी प्रकार की मूल्यवान वस्तु खरीदते समय अपने बजट का विशेष ध्यान रखें और अत्यधिक फिजूलखर्ची पर नियंत्रण रखें। मस्तक पर भस्म का तिलक लगाएं जिससे राजनीति के क्षेत्र में आपकी ऐतिहासिक विजय होगी।

### कन्या

आज आपको मित्रों और वरिष्ठ सहयोगियों की मदद से किसी महत्वपूर्ण नए व्यावसायिक अनुबंध की प्राप्ति होगी जिससे आपकी संचित पूंजी में वृद्धि होगी। विद्यार्थियों को परीक्षा में अपनी सच्ची मेहनत का बेहद सकारात्मक और मनोनुकूल परिणाम प्राप्त होने के सुंदर योग बन रहे हैं। असहाय लोगों के लिए अन्न की व्यवस्था करें जिससे आपके यश में निरंतर वृद्धि होगी।

### तुला

आज सामाजिक और राजनैतिक क्षेत्र से जुड़े जातकों का प्रभाव क्षेत्र विस्तृत होगा और समाज में उनके द्वारा किए गए कार्यों की हर स्तर पर सराहना होगी। मस्तक पर नीले रंग का पुष्प अर्पित करें या नीले वस्त्र धारण करें जिससे आपके जीवन के सभी भ्रम दूर होंगे। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी और जीवनसाथी के सहयोग से कोई महत्वपूर्ण रुका हुआ पारिवारिक काम आज आसानी से पूरा हो जाएगा।

### वृश्चिक

धार्मिक यात्राओं और देव दर्शन के सुंदर योग बन रहे हैं जिससे आपकी आंतरिक व्याकुलता पूरी तरह शांत होगी और मन को असीम संबल मिलेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर जरूरत से ज्यादा भरोसा न करें अन्यथा आपको भारी आर्थिक नुकसान हो सकता है। शनि रक्षा स्तोत्र का वाचन करें जिससे आपके मार्ग की सभी गुप्त राजनैतिक बाधाएं दूर होंगी।

### धनु

आज सेहत को लेकर विशेष रूप से सावधान रहने की आवश्यकता है क्योंकि अत्यधिक कार्यभार के कारण शारीरिक कमजोरी महसूस हो सकती है। सगे संबंधियों के साथ धन का अधिक लेन देन करते समय पूरी सावधानी बरतें और बिना लिखित प्रमाण के कोई महत्वपूर्ण आर्थिक व्यवहार न करें। शनि मंत्र का मानसिक जाप करें जिससे आपके भीतर एक अद्भुत और नई सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।

### मकर

साझेदारी में चल रहे व्यापार में आज मनोनुकूल प्रगति होगी और नए प्रमुख व्यावसायिक सहयोगी जुड़ने से आपके काम को बाजार में एक नई गति प्राप्त होगी। प्रेम संबंधों और पारिवारिक रिश्तों में आपसी तालमेल बहुत मधुर रहेगा तथा सभी सदस्य एक दूसरे की भावनाओं का पूरा सम्मान करेंगे। शनिदेव महाराज को याद करें जिससे आपके पारिवारिक जीवन के सभी कष्ट हमेशा के लिए दूर होंगे।

### कुंभ

आज आप अपने पराक्रम और कुशल कूटनीति के बल पर विरोधियों और शत्रुओं के हर षड्यंत्र को पूरी तरह से ध्वस्त करने में सफल रहेंगे। पुराने कानूनी मामलों में आज आपके पक्ष में कोई बहुत महत्वपूर्ण और सुखद खबर सुनने को मिल सकती है। काले तिल का दान करें जिससे आपके मन का अज्ञात भय पूरी तरह समाप्त हो जाएगा।

### मीन

कला साहित्य लेखन और रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़ी प्रतिभाओं को आज कोई महत्वपूर्ण राष्ट्रीय सम्मान या विशिष्ट पहचान मिलने के सुंदर योग बन रहे हैं। संतान पक्ष की शिक्षा या करियर को लेकर चल रही पुरानी चिंताएं आज पूरी तरह समाप्त होंगी जिससे मन को असीम राहत मिलेगी। किसी शिव मंदिर में धार्मिक पुस्तक दान करें जिससे आपके सुख और भौतिक साधनों में निरंतर वृद्धि होगी।

### आज का वास्तु शोधनम सूत्र

शनिवार के दिन घर के मुख्य प्रवेश द्वार पर पश्चिम की दिशा में सरसों के तेल का दीपक प्रज्वलित करने से घर की नकारात्मक ऊर्जा और भयंकर वास्तु दोष पूरी तरह शांत होता है तथा साक्षात शनिदेव की असीम कृपा से परिवार के सदस्यों का आर्थिक संकट दूर होता है और सुख समृद्धि हमेशा संवर्धित होती रहती है।

# जन्मभूमि की जगन्नाथ रथयात्रा का नगर में भव्य स्वागत

## मणिपुर के भक्तों के नृत्य-उद्दाम संकीर्तन से झूमे ब्रजवासी





टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

श्रीकृष्ण-जन्मस्थान सेवा-संस्थान के तत्वावधान में भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा परम्परागत विधिविधान व धूमधाम के साथ श्रीकृष्ण-जन्मस्थान से गुरुवार को सायंकाल निकाली गइर्। इससे पूर्व भगवान जगन्नाथ जी, अग्रज बलरामजी व अनुजा सुभद्रा जी व श्रीचक्र के विग्रह विधिविधानपूर्वक संकीर्तन की ध्वनि के मध्य लाकर सुसज्जित दिव्य काष्ठ रथ में विराजमान कराये गये।

पूज्याचार्यों द्वारा तीनों श्रीविग्रहों को दिव्य श्रृंगार व स्वर्णिम मुकुट धारण कराये गये। तदोपरान्त श्रीकृष्ण-जन्मस्थान सेवा-संस्थान के सचिव कपिल शर्मा, प्रबंध समिति के सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी, डॉ० विनोद बनर्जी, डॉ० रोशन लाल एवं पुलिस अधीक्षक सुरक्षा राजकुमार अग्रवाल आदि ने ठाकुरजी की आरती कर, "जय जगन्नाथ स्वामी" के घोष के साथ रथयात्रा का श्रीकृष्ण-जन्मस्थान से शुभारंभ किया।

श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर देश-विदेश से पधारे हजारों श्रद्धालु श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर आयोजित इस भगवान जगन्नाथ जी की भव्य रथयात्रा के दर्शन कर अभिभूत हो उठे। श्रीकृष्ण-जन्मस्थान सेवा-संस्थान द्वारा परिसर में भगवान जगन्नाथ जी की आरती के उपरान्त वृहद मात्रा में आम-प्रसाद एवं हलुआ-प्रसाद का वितरण किया गया, साथ ही रथयात्रा के संपूर्ण मार्ग में भी श्रद्धालु भक्तजनों को भात-प्रसाद का वितरण किया गया।

रथयात्रा में सबसे आगे भगवान की सवारी आने की सूचक ढोल तांसा पार्टी व बैंड के सुमधुर संगीत के साथ ब्रजमंडल के गौड़ीय संकीर्तन मंडल के साधुसंत 'हरिबोल' एवं 'जय जगन्नाथ' का उच्चारण करते हुए उद्दाम नृत्य से मनोहारी दृश्य उत्पन्न कर रहे थे। मणिपुर के भक्तों के भक्तिपूर्ण संकीर्तन एवं उद्दाम नृत्य से ब्रजवासी झूम उठे। रथयात्रा में चैतन्य महाप्रभु व निताई-निमाई के युगल स्वरूप की झाँकी आकर्षण का केन्द्र बनी रही।

यात्रा श्रीकृष्ण-जन्मस्थान से आरंभ होकर डीग गेट, मंडी रामदास, चौक बाजार, स्वामीघाट, राजाधिराज बाजार, छत्ता बाजार, तिलक द्वार, कोतवाली मार्ग, भरतपुर दरवाजा व दरेसी मार्ग होकर श्रीकृष्ण-जन्मस्थान प्रांगण में पहुँचकर पूर्ण हुई। इस मध्य स्थान-स्थान पर नगरवासियों व व्यवसायी संगठनों द्वारा भगवान जगन्नाथ की आरती उतारकर पुष्पवर्षा कर, प्रसाद वितरित किया तथा श्रद्धालुओं का शीतल जल व शरबत आदि से स्वागत किया।

यात्रा में चल रहे भक्त व नगरवासियों में रथ को खींचकर पुण्य प्राप्त करने की होड़ लगी रही, हर कोई रथ में बंधे रस्से को छूने के प्रयास में रहा। यात्रा समापन पर आरती के उपरान्त विशाल भंडारा-प्रसाद का आयोजन सभी भक्तों के लिए किया गया।

संतों की ऐसी मान्यता है कि इस यात्रा में नगर भ्रमण के उपरान्त भगवान जगन्नाथ जी अपने भक्तों के समीप आते हैं। नगर भ्रमण के उपरान्त भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा श्रीकृष्ण जन्मस्थान के पवित्र परिसर में पधारी। इस अवसर पर भव्य प्रसादी भंडारे का आयोजन श्रीकृष्ण-जन्मस्थान सेवा-संस्थान द्वारा किया गया, जिसमें रथयात्रा में सम्मिलित श्रद्धालुओं के साथ-साथ श्रीकृष्ण-जन्मस्थान के दर्शन के लिए पधारे भक्तवृन्द के द्वारा प्रसाद ग्रहण किया गया।



## सीडीओ ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का किया निरीक्षण

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, चौमुहां।

मुख्य विकास अधिकारी डॉ. पूजा गुप्ता ने अकबरपुर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का अचानक निरीक्षण किया।

सीडीओ ने विद्यालय में छात्राओं को मिलने वाली सुविधाओं, भोजन की गुणवत्ता, साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने सबसे पहले छात्राओं की उपस्थिति पंजिका (अटेंडेंस रजिस्टर) और स्टॉक रिकॉर्ड की जांच की। इसके बाद उन्होंने क्लासरूम और हॉस्टल वार्ड का रुख किया, जहाँ उन्होंने छात्राओं से सीधा संवाद कर उनकी पढ़ाई और मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने रसोईघर (मेस) का भी निरीक्षण किया और मीनू के अनुसार पौष्टिक भोजन देने के सख्त निर्देश दिए।सीडीओ डॉ. पूजा गुप्ता ने विद्यालय प्रबंधन को हिदायत दी कि छात्राओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने परिसर में नियमित साफ-सफाई बनाए रखने और सभी बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। इस दौरान संबंधित विभागीय अधिकारी और विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

## साइबर शातिर से मिले 23 एटीएम, ठगी के 1.25 लाख रुपये

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

- दो अन्य साथियों के साथ मिलकर जसमीर सिंह करता है साइबर फ्रॉड
- गैंग में जसमीर का काम एटीएम से पैसे निकालना था

थाना कोतवाली पुलिस व साइबर सैल जनपद मथुरा की संयुक्त कार्यवाही द्वारा साइबर फ्राड़ करने वाले अभियुक्त को साइबर फ्राड के 1,25,000 रुपए व 23 एटीएम कार्ड सहित गिरफ्तार किया गया। रात को करीब 11 बजे बीएसए पुलिया के पास थाना कोतवाली जनपद मथुरा से अभियुक्त जसमीर सिंह पुत्र जंगीर सिंह निवासी कुरकैन थाना नगर जनपद डींग (राजस्थान) को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। विभिन्न बैंको क 23 एटीएम कार्ड, दो एंड्रायड मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल इसके पास से बरामद की गई है।

पकड़े गये अभियुक्त ने पूछने को बताया कि वह अपने दो अन्य साथियो के साथ मिलकर जिनका नाम हारिस और जाहुल है, तीनों गिरोह के रूप में काम करते हैं, बैंक खातों से रुपए निकाल लेते हैं। जो 23 एटीएम बरामद हुए हैं वह अलग अलग लोगों के खाते के हैं। हारिस और जाहुल जो लवान थाना सीकरी जनपद डींग के रहने वाले है साइबर ठगी का पैसा इन एटीएम कार्ड से जुड़े खातों में डलवाते हैं। पैसा खाते में ट्रांसफर होते ही वे दोनों व्हाट्सएप कल के जरिए सूचना देते हैं और बताते हैं कि किस विशिष्ट एटीएम कार्ड से कितना पैसा निकालना है । व्हाट्सएप काल पर मिले निदेर्शों के आधार पर वह एटीएम बूथ पर जाकर पैसे निकालता था और अपना हिस्सा रखकर बाकी पैसा उन्हें पहुंचा देता था कार्यवाही करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक विनोद बाबू मिश्रा थाना कोतवाली, एआई संजीव कुमार, एसआई मुश्ताक मेहन्दी, एसआई आशीष मलिक प्रभारी साईबर सैल आदि पुलिसकर्मी थे।

## स्कूल में बस के पहिए से दबकर दूसरी कक्षा के छात्र की मौत

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, चौमुहां।



- ग्रामीणों ने कॉलेज में की तोड़फोड़, तीन घंटे तक जाम
- चार थानों की पुलिस ने जैसे-तैसे हालात किए काबू
- बैक करते समय बालक आया पहिए के नीचे, चालक फरार

थाना जैत क्षेत्र के राल गांव स्थित तिलक सिंह इंटर कॉलेज में गुरुवार सुबह स्कूल बस की चपेट में आने से दूसरी कक्षा के एक छात्र की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद बस चालक फरार हो गया। घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने कॉलेज परिसर में तोड़फोड़ कर सड़क पर शव रखकर जाम लगा दिया। पुलिस और ग्रामीणों के बीच नोकझोंक भी हुई। करीब साढ़े तीन घंटे बाद चार थानों की पुलिस ने स्थिति पर नियंत्रण पाकर जाम खुलवाया।

पेलखू गांव निवासी गंगदेव का सात वर्षीय पुत्र नितिन राल स्थित तिलक सिंह इंटर कॉलेज में कक्षा-दो का छात्र था। गुरुवार सुबह वह रोज की तरह स्कूल बस से करीब साढ़े आठ बजे विद्यालय पहुंचा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस से बच्चे उतर रहे थे। इसी दौरान नितिन पूरी तरह नीचे उतर भी नहीं पाया था कि चालक ने बस आगे बढ़ा दी। झटका लगने से नितिन सड़क पर गिर पड़ा और बस का पिछला पहिया उसके ऊपर से गुजर गया। गंभीर रूप से कुचलने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना के बाद चालक बस छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही परिजन और आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। देखते ही देखते करीब 200 ग्रामीण एकत्र हो गए और शव सड़क पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। आक्रोशित ग्रामीण कॉलेज परिसर में घुस गए और मुख्य गेट, दरवाजों तथा खिड़कियों के शीशों में तोड़फोड़ कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन आक्रोश के चलते उनकी पुलिस से झड़प भी हो गई। हालात बिगड़ते देख चार थानों की पुलिस और अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर बुलाया गया। करीब साढ़े तीन घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने लोगों को शांत कर जाम खुलवाया और स्थिति पर नियंत्रण पाया।

पुलिस का कहना है कि फरार बस चालक की तलाश की जा रही है। मामले में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं, छात्र की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया थाना जैत क्षेत्रान्तर्गत एक इण्टर कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चों को लेकर बस आई थी और बच्चों को उतारने के बाद बस ड्राइवर द्वारा, बस को बैक किया जा रहा था । बस के पीछे 8 वर्षीय बच्चा था, जिसकी बस के नीचे दबकर दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हो गई । इस घटना के उपरांत स्थानीय लोगों के द्वारा जाम लगाया गया था और कॉलेज प्रबंधन के साथ उनकी कहासुनी व हल्की तोड़-फोड़ भी हुई है। इस सूचना पर पुलिस के द्वारा मौके पर पहुंचकर भीड़ को समझा बुझाकर शांत कराया गया। परिजनों व अन्य लोगों को समझाते हुए बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम की कार्रवाई चल रही है। जाम को खुलवा दिया गया है। तहरीर प्राप्त होने पर मुकदमा पंजीकृत करते हुए अग्रिम विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## नशा तस्कर की 1.42 करोड़ की संपत्ति कुर्क



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

गांजा तस्करी के मामले में वांछित पुष्पेन्द्र पुत्र नेकसेराम, निवासी ग्राम पचावर, थाना महावन के खिलाफ थाना महावन में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के मुकदमे के आधार पर सक्षम प्राधिकारी के आदेश के अनुपालन में संपत्ति कुर्क की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर संपत्तियों पर अधिग्रहण संबंधी बोर्ड लगाए, नियमानुसार मुनादी कराई और पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी भी कराई गई। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम, विद्युत अधिनियम, भारतीय न्याय संहिता और एनडीपीएस एक्ट सहित विभिन्न मामलों में पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं।

इस कार्रवाई का उद्देश्य नशे के अवैध कारोबार से अर्जित संपत्तियों पर कानूनी शिकंजा कसना और अपराधियों के आर्थिक नेटवर्क को ध्वस्त करना है। पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी की करीब 1 करोड़ 42 लाख 55 हजार 821 रुपये की चल और अचल संपत्ति अधिग्रहित कर ली है। जांच में सामने आया कि आरोपी ने मादक पदार्थों की अवैध बिक्री से अर्जित धन से चल और अचल संपत्तियां खरीदी थीं। इसी के तहत पुलिस ने आरोपी के नाम दर्ज महिंद्रा बोलेरो, उसके भाई के नाम दर्ज हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल तथा उसकी मां के नाम ग्राम पचावर में स्थित 278.70 वर्ग मीटर आवासीय भूमि को अधिग्रहित कर लिया। इन सभी संपत्तियों की कुल अनुमानित कीमत 1 करोड़ 42 लाख 55 हजार 821 रुपये बताई गई है।

## भक्तों ने खींचा भगवान जगन्नाथ का रथ, एडीजी और डीआईजी ने लगाई झाड़ू

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

मसानी हाईवे लिंक रोड स्थित पॉश कॉलोनी राधा ऑर्किड में बृहस्पतिवार को भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा का आयोजन कॉलोनी के अध्यक्ष अरविंद प्रताप सिंह और राजेश बजाज के सानिध्य में किया गया। इस धार्मिक आयोजन में भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के अलौकिक दर्शन पाकर भक्त निहाल हो गए। रथ पर विराजमान विग्रहों की अनुपम छटा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे आगरा रेंज के एडीजी सुवेन्द्र कुमार भगत, उनकी पत्नी और डीआईजी शैलेश पांडे एसएसपी श्लोक कुमार एसपी सिटी राजीव कुमार सिंह सीओ सिटी आशना चौधरी ने सनातन परंपरा का निर्वहन किया। उन्होंने अन्य श्रद्धालुओं के साथ मिलकर रथ के आगे झाड़ू लगाई और पवित्र रस्सी थामकर रथ को आगे बढ़ाया। इस दौरान पूरा मार्ग जय जगन्नाथ के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। भव्य रथ यात्रा राधा ऑर्किड कॉलोनी से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच प्रारंभ होकर मसानी, मंडी रामदास चौक बाजार, छत्ता बाजार, होली गेट और भरतपुर गेट होते हुए वापस राधा ऑर्किड पहुंचकर संपन्न हुई। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा और आरती उतारकर भगवान का स्वागत किया। यात्रा में भारी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु शाहिद विदेशी भक्त भी भक्ति रस में सराबोर नजर आए। रथ यात्रा में प्रमुख रूप से आर राजा, विष्णु नाम, रवी लोचन दास, श्रीनिवास प्रभु, श्रीराम पंडित प्रभु स्थानीय पार्षद राकेश भाटिया, अशोक खंडेलवाल, मुकेश अग्रवाल, पूर्व विधायक श्याम सिंह अहेरिया, हरीश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार कर किया विरोध प्रदर्शन

**शिकोहाबाद।** तहसील में बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने गुरुवार को कार्य बहिष्कार कर विरोध प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने ई रजिस्ट्री प्रणाली को वापस लेने की मांग की। गुरुवार को ई-रजिस्ट्री प्रणाली के विरोध में अधिवक्ताओं ने सप्ताह में होने वाले विरोध के आव्हान पर कार्य का बहिष्कार करते हुए रजिस्ट्री कार्यालय के बाहर जमकर विरोध प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगों पर उचित विचार नहीं किया जाता, तब तक हर सप्ताह गुरुवार को यह सांकेतिक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

## राकेश तिवारी बने श्री माथुर चतुर्वेदी परिषद के संरक्षक

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।



श्री माथुर चतुर्वेद परिषद में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर रहने के बाद राकेश तिवारी एडवोकेट को संस्था का नया संरक्षक मनोनीत किया गया है। इससे पूर्व तिवारी ने वर्ष 2007 से लेकर आज तक संस्था के विभिन्न दायित्वों को संभालते हुए, परिषद के मुख्य संरक्षक महेश पाठक जी के मार्गदर्शन में कार्य किया है। इस अवसर पर राकेश तिवारी ने कहा, "परिषद द्वारा मुझे संरक्षक पद की जो गरिमामयी जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे मैं पूरी निष्ठा और लगन के साथ निभाऊंगा। समाज के सभी वर्गों के लोगों ने इस उपलब्धि पर मुझे जो बधाई और शुभकामनाएं दी हैं, मैं उन सभी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ।"

उल्लेखनीय है कि राकेश तिवारी वर्तमान में 'माथुर चतुर्वेद संस्कृत महाविद्यालय' के न्यास एवं प्रबंधन से जुड़े हैं। इसके साथ ही, वे प्रसिद्ध ठाकुर द्वारकाधीश मंदिर के विधि एवं मीडिया प्रभारी भी हैं। वे सिविल लॉयर्स फोरम के वर्तमान उपाध्यक्ष हैं और इसके अतिरिक्त भी कई अन्य सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं से सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं।

## फ्री ट्रेड डील के विरोध में भाकियू चढ़ूनी ने निकाली बाइक रैली

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, गोवर्धन।

भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के तत्वावधान में कार्यकताओं ने मंगलवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी के आह्वान पर प्रस्तावित भारत अमेरिका फ्री ट्रेड डील (एफटीए) के विरोध में बाइक रैली निकाल प्रदर्शन एवं नारेबाजी कर, प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम गोवर्धन को सौंपा। सैकड़ों किसान ऊंचा गांव से होकर नगला भूरिया, तारापुर, बधार, नगला छिंगा, बोरपा, अडींग हाईवे होते हुए नारेबाजी करते हुए तहसील गोवर्धन पर पहुंचे ब्लॉक अध्यक्ष तुलसी दास, तहसील अध्यक्ष सत्यवीर सिंह, जिला उपाध्यक्ष नवल सिंह ने कहा प्रस्तावित व्यापार समझौता देश की कृषि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था व्यापारियों, पशुपालकों, रोजगार और खाद्य एवं आर्थिक संप्रभुता के लिए गंभीर खतरा है, समझौते से करोड़ों लोगों की आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। तत्काल रद्द करने की मांग की। सत्यवीर सिंह, प्रेम सिंह,सुशील सिंह, मोहन सिंह, केशव जी,योगेंद्र, चंचल, लक्ष्मी नारायण, परमो, होली आदि सैकड़ों किसानों ने बाइक रैली में शामिल हुए।

## रामताल रोड पर इनोवा और स्कॉर्पियो में भिड़ंत, चपेट में आया बाइक सवार

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, चौमुहां।

थाना जैंत क्षेत्र के अंतर्गत रामताल रोड पर एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जहां तेज रफ्तार इनोवा और स्कॉर्पियो कार आपस में दुर्घटनाग्रस्त हो गईं। इस हादसे के दौरान वहां से गुजर रहा एक मोटरसाइकिल सवार युवक दोनों गाड़ियों की चपेट में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार करीब 11 बजे दुर्घटना होते ही मौके पर राहगीरों और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ एकत्रित हो गई। लोगों ने तत्परता दिखाते हुए पुलिस के घटना स्थल पर पहुंचने से पहले ही गंभीर रूप से घायल बाइक सवार को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। घायल युवक की पहचान 22 वर्षीय डवकुश पुत्र कल्लू (निवासी खैर) के रूप में हुई है, जिसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

हादसे की सूचना मिलने के बाद जैंत थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटना स्थल का जायजा लेने के बाद सड़क के बीच खड़े क्षतिग्रस्त वाहनों को क्रेन की मदद से हटवाया और मार्ग को सुचारू रूप से चालू कराया।

# वरुणावतार भगवान झूलेलाल का चालिहा महोत्सव शुरू

## सिंधी समाज द्वारा लगातार 40 दिन तक होंगे धार्मिक अनुष्ठान

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।



लगातार 40 दिन तक चलने वाले वरुण अवतार भगवान झूलेलाल का चालिहा महोत्सव शुरू हो गया है। अब सिंधी समाज द्वारा लगातार 40 दिन पूजा, आरती, व्रत संग धार्मिक अनुष्ठान होते रहेंगे। प्रतिदिन चालिहा पर्व की धूम रहेगी। हर दिन सुबह 9 बजे तथा शाम 5 बजे आरती पूजन होगा। लगातार चालिस दिन सिंधी समाज का हर परिवार वरूणावतार झूलेलाल की भक्ति में मगन दिखेगा। गुरूवार सुबह गोवर्धन रोड स्थित कृष्णा आर्चिड के बड़े मंदिर से भगवान झूलेलाल जी की प्रतिमा सर पर रखकर कॉलोनी में कलश यात्रा निकाली गई, तदोपरांत सिंधी महाराज स्वामी पंडित मोहनलाल शर्मा के निवास स्थान पर सजाए गए दरबार में भगवान झूलेलाल जी की स्थापना संग ही ज्योत प्रज्वलित करके आरती पूजन वंदन किया गया, वहीं भगवान झूलेलाल के जयकारों एवं तरानों में हर कोई डूबा दिखा। लगातार चालिस दिन श्रद्धापूर्वक व्रत रखने वाले भक्तों ने व्रत करने का संकल्प लिया वहीं सिंधीजनों ने दर्शन कर पुण्य कमाया। मथुरा शहर की सभी सिंधी पंचायत एवं संगठनों के पदाधिकारियों एवं तमाम सिंधीजनों ने सजाए गए भगवान झूलेलाल के मंदिर के दर्शनों का लाभ प्राप्त किया तथा भगवान झूलेलाल जी की पूजा अर्चना तथा आरती वंदन कर अपने इष्टदेव से मानवकल्याण की प्रार्थना की। इसमें महिलाएं और बच्चे काफी उत्साहित दिखे। महाराज स्वामी पंडित मोहनलाल शर्मा ने बताया कि अखंडभारत के सिंध प्रांत के शासक मिर्खशाह ने सिंध मंव रहने वाले हिन्दु सिंधीजनों पर धर्मपरिवर्तन को लेकर लगातार अत्याचार की हदें पार कर दी थी, उत्पीड़न से परेशान बड़ी संख्या में सिंधी समुदाय सिंधु नदी के किनारे कई दिनों तक प्रार्थना करने लगे, तब खुश होकर जलदेवता ने वरूणावतार भगवान झूलेलाल के रूप में दर्शन देकर ने केवल अवतार लेने की बात कही, बल्कि उन्होने उस क्रूर शासक को सबक सिखाकर सिंधी समुदाय को उनके जल्म से मुक्ति भी दिलवाई। तब से हर साल प्राचीन सिंधु सभ्यता से जुड़ा चालिहा पर्व श्रद्धाभाव के साथ मनाया जाता है। मीडिया प्रभारी किशोर इसरानी ने बताया कि सिंधी समाज के लिए इन चालीस दिनों का काफी महत्व है। समाज के इस बड़े पर्व पर लगातार चालीस दिन झूलेलाल साई की प्रतीक के रूप में अखंड ज्योति की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। वरूणावतार भगवान झूलेलाल जी को सूर्य की ज्योति स्वरूप अवतार माना जाता है।

# 44 वर्ष बाद ग्राम रावरी के रनवीर सिंह, 20 वर्ष बाद ग्राम कनकपुर सादा के सूबेदार को मिला न्याय, जिलाधिकारी ने स्वयं मौके पर खड़े होकर दिलाया पट्टे की भूमि पर कब्जा

**"मिशन समाधान" के अन्तर्गत आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निपटाये गये प्रकरण, अनाधिकृत कब्जे हटाकर ग्रामसभा की भूमि, तालाब-चकमार्ग कराए अतिक्रमण मुक्त**

टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।

मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप जन-सुनवाई में प्राप्त शिकायतों का त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से संचालित ह्हमिशन समाधानह्ह अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने आज विकास खंड करहल, बरनाहल, कुरावली क्षेत्र के विभिन्न गांवों का स्थलीय निरीक्षण कर वर्षों से लंबित राजस्व, पट्टा भूमि संबंधी विवादों का मौके पर ही समाधान कराया। उन्होने स्वयं गांव में पहुंच शिकायतकताओं की समस्या सुनी, राजस्व अभिलेखों का परीक्षण कराया तथा जहां शिकायतें सही पाई गईं वहां तत्काल प्रभावी कार्यवाही करते हुए अवैध कब्जे हटवाए। उन्होंने कहा कि गरीब, भूमिहीन एवं पात्र व्यक्तियों को उनके वैधानिक अधिकार हर हाल में दिलाया जायेगा तथा सरकारी, पट्टे की भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होने विकास खंड करहल के ग्राम रावरी किरथुआ में शिकायतकर्ता रनवीर सिंह ने बताया कि वर्ष 1982 में उसे गाटा संख्या-1855, 1886 पर पट्टे की भूमि आवंटित की गई थी लेकिन गांव के कुछ दबंगों द्वारा कब्जा नहीं करने दिया गया, शिकायतकर्ता ने बताया कि पिछले 44 वर्षों में कई बार राजस्व विभाग द्वारा पैमाइश एवं सीमांकन कराया गया लेकिन प्रत्येक बार विरोध के कारण उसे अपनी भूमि का वास्तविक कब्जा नहीं मिल सका, हाल ही में दबंगों ने उसकी आवंटित भूमि पर धान की रोपाई कर दी है, शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उन्होने मौके पर पूर्व में कराए गए सीमांकन का सत्यापन कराया, अभिलेखों एवं चिन्हांकन के आधार पर अवैध रूप से रोपी गई धान की फसल तत्काल हटवाकर रनवीर सिंह को उसकी पट्टे की भूमि पर विधिवत कब्जा दिलाया, ग्राम के ही सूबेदार को 20 वर्ष पूर्व आवंटित पट्टे की भूमि पर भी मौके पर पैमाइश कराकर काबिज कराया। उन्होंने राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि यदि भविष्य में कोई व्यक्ति पट्टाधारक के कब्जे में बाधा उत्पन्न करता है तो उसके विरुद्ध तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाए।



श्री त्रिपाठी ने विकास खंड बरनाहल के ग्राम कनकपुर सादा पहुंच गाटा संख्या-141 सार्वजनिक तालाब, गाटा संख्या-125 चकमार्ग पर अवैध कब्जे की शिकायतें सही पाए जाने पर अपनी मौजूदगी में जे.सी.बी. से अतिक्रमण हटवाया। उन्होंने ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव को निर्देश दिए कि तालाब की तत्काल खुदाई कराकर उसे मूल स्वरूप में विकसित किया जाए ताकि वर्षा जल संचयन हो सके और ग्रामीणों को उसका लाभ मिल सके साथ ही चकमार्ग पर आवश्यकतानुसार मिट्टी डलवाकर उसे सुगम, आवागमन योग्य बनाया जाए, जिससे ग्रामीणों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होने कहा कि तालाब, चकमार्ग, चारागाह एवं अन्य सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर अवैध कब्जा किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा, ऐसी भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराकर उसका उपयोग केवल जनहित के कार्यों के लिए सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने निर्देशित किया कि ऐसे प्रकरणों में नियमित निरीक्षण करते हुए पुनः कब्जा होने की संभावना पर भी प्रभावी निगरानी रखी जाए।

उन्होने तहसील कुरावली के ग्राम मिढ़ावली कलां पहुंच सुलेखा द्वारा गाटा संख्या-136 में आवंटित पट्टे की भूमि पर बेचेलाल द्वारा जबरन कब्जा कर अस्थायी बाउंड्रीवॉल का निर्माण कराया जा रहा है, जिस पर उन्होने राजस्व अभिलेखों, उपलब्ध तथ्यों का परीक्षण कर प्रारंभिक जांच के दौरान अस्थायी निर्माण को अवैध पाए जाने पर अपनी उपस्थिति में अस्थायी बाउंड्रीवॉल को तत्काल गिरवा दिया। उन्होने इस प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कराने के निर्देश देते हुए संबंधित अधिकारियों को सभी अभिलेखों एवं तथ्यों का गहन परीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा।

जिलाधिकारी ने दोनों पक्षों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आयुक्त के न्यायालय में विचाराधीन वाद का अंतिम निर्णय होने तक मौके पर यथास्थिति बनाए रखें, कोई भी पक्ष भूमि की वर्तमान स्थिति में किसी प्रकार का परिवर्तन करने का प्रयास न करे यदि किसी पक्ष द्वारा न्यायालय के निर्देशों की अवहेलना अथवा कानून-व्यवस्था प्रभावित करने का प्रयास किया गया तो उसके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही अमल में लायी जाएगी। उन्होने कहा कि मिशन समाधान केवल शिकायतों के निस्तारण का अभियान नहीं है बल्कि शासन की उस प्रतिबद्धता का प्रतीक है जिसके तहत प्रत्येक नागरिक को उसके अधिकार समयबद्ध एवं निष्पक्ष रूप से उपलब्ध कराए जाने हैं। उन्होंने कहा कि राजस्व विवादों का समय पर निस्तारण, सरकारी एवं सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराना तथा पात्र व्यक्तियों को उनके अधिकार दिलाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है, किसी भी स्तर पर दबंगई, अवैध कब्जा अथवा कानून को अपने हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होने कहा कि ह्हमिशन समाधानह्ह के माध्यम से लोगों को भरोसा मिला है कि उनकी शिकायतों का केवल कागजों पर नहीं बल्कि धरातल पर भी प्रभावी और न्यायपूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी करहल सुनिष्ठा सिंह, तहसीलदार करहल अरविन्द गौतम, खंड विकास अधिकारी बरनाहल राजेश कुमार मिश्रा, नायब तहसीलदार कुरावली अखिल गोयल, सम्बन्धित राजस्व निरीक्षक, लेखपाल, पुलिस कर्मी आदि उपस्थित रहे।



## मिशन समाधान अभियान के तहत शिकायतों का हुआ निस्तारण

टीएनएफ टुडे, घिरोर।

जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर चलाए जा रहे 'मिशन समाधान' अभियान के तहत गुरुवार को तहसील क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों से 80 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमें से करीब 48 शिकायतों का निस्तारण कराया गया।

इन शिकायतों के निस्तारण के लिए राजस्व विभाग ने तहसील क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर पहुंचकर कार्रवाई की। विभाग द्वारा पैमाइश कराकर अवैध कब्जों को हटवाया गया।

प्राप्त शिकायतों में मुख्य रूप से पट्टे की पैमाइश, चक मार्ग पर अवैध कब्जा, ग्राम सभा की भूमि पर अतिक्रमण, तालाब और निजी भूमि के सीमांकन से संबंधित मामले शामिल थे। ये शिकायतें घिरोर, ग्राम पंचायत विक्रमपुर, नगला इंद्र, नगला सावज, तिसाह, नगला कंचन और देवपुरा सहित अन्य स्थानों से मिली थीं।

राजस्व विभाग और पुलिस बल की संयुक्त टीम ने इन सभी स्थानों पर कार्रवाई करते हुए शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित किया।

## पुरानी रंजिश में समझौता न करने चलते युवक के साथ मारपीट



टीएनएफ टुडे, घिरोर।

क्षेत्र के एक गांव से मामला सामने आया है जहां पुरानी रंजिश में समझौता न करने के चलते कुछ लोगों ने युवक और उसके परिजनों के साथ मारपीट की है।

पीड़ित संदीप कुमार निवासी ग्राम पचावर ने बताया कि उसके साथ गांव के ही लोगों ने लाठी डंडों से मारपीट की है । पीड़ित ने बताया कि उसका एक मुकदमा न्यायालय में चल रहा है। उस मुकदमे को खत्म करने का उक्त लोग दबाव बनाते हैं। जब मैं 12 - 13 वर्ष का था तो इन्हीं लोगों के द्वारा मुझे मारकाट कर अधमरा छोड़ दिया गया था । काफी इलाज के बाद मैं ठीक हो पाया हूं तब से लगातार मैनपुरी न्यायालय में मुकदमा चल रहा है उस मुकदमे को खत्म करने का जबरन दबाव बनाते हैं और आए दिन कोई ना कोई घटना घटित करते रहते हैं। बीते बुधवार को रात्रि में उक्त लोगों ने मेरे साथ मारपीट की और बचाने आए परिजनों को भी इन लोगों ने नहीं छोड़ा।

## खेत से घर आ रहे बुजुर्ग पर आरोपियों ने किया हमला

टीएनएफ टुडे, घिरोर।



खेत पर काम करके घर लौट रहे बुजुर्ग पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया जिससे बुजुर्ग घायल हो गए जिनका उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है ।

उपेंद्र पुत्र जलमन सिंह निवासी लपगवां ने थाने में तहरीर देते हुए बताया के उसके पिता जलमन सिंह जो कि बुजुर्ग हैं खेत से काम करके घर लौट रहे थे तभी पहले से घात लगाए बैठे गांव के ही अनुज , अनूप , सौरभ , नितिन, कल्लू आदि ने उन पर हमला कर दिया । हमले की सूचना मिलने पर परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए और बीच बचाव करने लगे लेकिन आरोपी ज्यादा संख्या में होने के कारण हावी रहे और बुजुर्ग की पुत्रवधू जो कि गर्भवती है उसके साथ भी मारपीट की । साथ ही आरोपी मेरी पत्नी के कान का एक झाला और एक चैन छीन ले गए । पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि दो पक्षों में किसी बात को लेकर झगड़े का मामला संज्ञान में आया है। झाला और चैन वाली बात की जांच की जा रही है।

## कुर्रा पुलिस ने 8 जुआरियों को दबोचा, नगदी समेत कार, बाइक और मोबाइल बरामद



टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।

जनपद की कुर्रा थाना पुलिस ने जुआ खेलने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 47,055 रुपये की नगदी, 52 ताश के पत्ते, 5 मोबाइल फोन, 5 मोटरसाइकिल और एक अर्टिगा कार बरामद की है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

थानाध्यक्ष कुर्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के ग्राम पाय के पास पड़री वाले मोड़ पर कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर घेराबंदी कर छापेमारी की, जहां से आठ लोगों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में आदित्य पुत्र तोताराम निवासी सिकंदरपुर, अजयपाल पुत्र रूपराम, रोहित पुत्र खुशीराम, नीरज पुत्र वेदप्रकाश, शिवकुमार पुत्र अशोक कुमार निवासी मोहल्ला बाग वृंदावन, रोहित पुत्र सत्यवीर निवासी कुर्रा, सुखवीर पुत्र राजाराम निवासी नसीरपुर (कुर्रा) तथा लुकमान पुत्र उस्मान निवासी मोहल्ला मनिहारान शामिल हैं।

पुलिस ने मौके से 47,055 रुपये की नगदी, 52 ताश के पत्ते, पांच मोबाइल फोन, पांच मोटरसाइकिल तथा एक अर्टिगा कार बरामद की। सभी आरोपियों के विरुद्ध जुआ अधिनियम एवं अन्य प्रासंगिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

कुर्रा थाना क्षेत्र के गांव पाय में हुई इस कार्रवाई को पुलिस की बड़ी सफलता माना जा रहा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## कृषि यंत्रों के हो रहे आवेदन, 10 अगस्त है अंतिम तिथि

टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।

उप कृषि निदेशक ने जनपद के कृषकों को सूचित किया है कि विभागीय पोर्टल पर वित्तीय वर्ष 2026-27 में कृषि विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओ के अन्तर्गत दि. 16 जुलाई की दोपहर 12:00 बजे से कृषि यंत्रो के आवेदन हेतु बुकिंग प्रारम्भ हो गयी है जो दि. 10 अगस्त तक की रात्रि 12 बजे (कट ऑफ डेट) तक की जायेगी, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (छ्थ्ैड) के अन्तर्गत मिलेट पार्लर, त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम अन्तर्गत बैच ड्रायर पॉपिग मशीन एवं मेज सेलर, विभिन्न परिस्थिकी संसाधनो द्वारा कीट रोग योजना के अन्तर्गत मानव चलित, स्प्रेयर पावर चलित स्पेयर एवं बखारी, दलहन मिशन योजनान्तर्गत दाल मिल, सी.डी.पी. योजना के कृषि यंत्र एवं सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाईजेशन योजना (ैड।ड), के कृषि यंत्र जैसे रोटाबेटर, कल्टीबेटर, हैरो, पावर आपरेटिड चेफ कटर, पोटेटो डिगर, पोटेटो प्लान्टर, मिनी राइस मिल, मिनी दाल मिल, आयल मिल बिध फिल्टर प्रेस, पावर टिलर, पावर बीडर, स्ट्रारीपर, मल्टीक्राप थ्रेसर, लेजर लैण्ड लेवलर, हाईटेक हब फार कस्टम हायरिंग, कृषि ड्रोन, कम्बाईन हारवेस्टर बिध सुपर स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम, कस्टम हायरिंग सेंटर ग्रामीण उद्यमी परियोजना लागत 10 लाख एवं फार्म मशीनरी बैक की स्थापना परियोजना लागत 10 लाख हेतु एवं प्रमोशन आफ एग्रीकल्चर मैकेनाईजेशन फार इन सीटू मैनेजमेन्ट आफ क्राप रेजीड्यू (सी.आर.एम.), फसल अवशेष प्रबन्धन योजनान्तर्गत कस्टम हायरिंग सेंटर ग्रामीण उद्यमी परियोजना लागत 30 लाख हेतु यंत्र बेलिंग मशीन, सुपर सीडर, एम.बी.प्लाऊ, जीरोट्रिल सीडकम फटीलाईजर ड्रिल, सेल्प प्रोपेल्ड रिपर कमबाइन्डर, मल्चर, हैप्पी सीडर, रीपर सेल्फ प्रोपेल्ड, सुपर स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम, आदि कृषि यंत्रो के लक्ष्य पोर्टल पर विकास खण्डवार, जनपदवार दिखायी देगे।

किसान भाइयो द्वारा अपने लेपटाप, डेस्टाप अथवा किसी भी जनसेवा केन्द्र के माध्यम से विभागीय पोर्टल पर पंजीकृत मोबाईल नम्बर पर ओ.टी.पी. प्राप्त कर किसान के पास यंत्र बुकिंग प्रारम्भ पर जाने के वाद योजना का चयन कर उपलब्धता जांचे पर जाकर रिपोर्ट टाइप में आकर या ब्लॉक सिलेक्ट करे इसके पश्चात बुकिग प्रकार में जाकर लाटरी पर क्लिक कर कृषि यंत्र को सिलेक्ट कर कृषि यंत्रो की बुकिंग कर योजना का लाभ उठायें।

## राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियो के साथ जिलाधिकारी आज करेगे बैठक

**मैनपुरी।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्यामलता आनन्द ने बताया कि मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से प्राप्त सुझावों एवं आपत्तियों को सम्बन्धित विधान सभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के द्वारा निस्तारित करते हुए मतदेय स्थलों के सम्भाजन को अन्तिम रूप दिए जाने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में दि. 18 जुलाई को अपरान्ह 04 बजे कलैक्ट्रेट सभागार में बैठक आहूत की गयी है।

उन्होने मा. सासंद, मा. विधायकगणों, अध्यक्ष, मंत्री, मान्यता प्राप्त (राष्ट्रीय, राज्यीय) राजनैतिक दलों से बैठक में समय से प्रतिभाग करने को कहा है।

## मुथुप फिन कॉर्प बैंक नई शाखा का हुआ शुभारम्भ

टीएनएफ टुडे, शिकोहाबाद।

शिकोहाबाद आज मुथुप फिन कॉर्प बैंक की नई शाखा स्टेशन रोड पर शुरूआत हुई। शाखा का शुभारंभ उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष रविंद्र लाल तिवारी ने फीता काटकर किया ,इस दौरान बैंक के रीजनल मैनेजर गीतेश शर्मा ने बैंक के द्वारा दी जाने बाली सुविधा जैसे गोल्ड लोन, हाउस लोन, पर्सनल लोन आदि योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी कार्यक्रम मे प्रमुख रूप एरिया मैनेजर प्रवीण कुमार शिकोहाबाद शाखा के प्रबंधक हेमंत सिंह ,मानवेंद्र यादव और व्यापार मंडल के पदाधिकारी व प्रवृद्ध लोग जिनमें कौशल किशोर उपाध्याय, विजय भंभानी ,भरत तिवारी, योगेश गुप्ता, मनोज सोलंकी, संजीव अग्रवाल ,गोविंद अग्रवाल, महादेव अग्रवाल ,लक्ष्मण तिवारी ,गौरव यादव आदि लोग उपस्थित थे संचालन व्यापार मंडल के नगर महामंत्री मुकेश गौड़ ने किया नगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने अपनी शुभकामनाएं बैंक प्रबंधक व समस्त स्टाफ को प्रेषित की।

## पर्यटन मंत्री आज जिले में

टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री उ.प्र. शासन जयवीर सिंह दि. 18 जुलाई को जनपद भ्रमण पर पधार रहे हैं, मंत्री जी प्रातः 09.45 बजे से पुलिस लाइन के सामने ट्राजिस्ट हॉस्टल में जन-सुनवाई करने के उपरांत अपरान्ह 03 बजे निज आवास सिरसागंज के लिए प्रस्थान करेंगे।

# नगला अनी हत्याकांड: आरोपी पक्ष पहली बार खुलकर आया सामने

**हमें झूठा फंसाया गया, निष्पक्ष जांच से सामने आएगा सच**

टीएनएफ टुडे, एलाऊ/मैनपुरी।

थाना एलाऊ क्षेत्र के गांव नगला अनी में बिजली की केबल डालने को लेकर हुए विवाद के बाद युवक विकास कुमार की मौत के मामले में अब आरोपी पक्ष पहली बार खुलकर सामने आया है। मुख्य आरोपी के परिजनों, स्वयं को चश्मदीद बताने वाले लोगों ने घटना को लेकर अपना पक्ष रखा। उन्होंने दावा किया कि पूरे मामले में निर्दोष लोगों को फंसाया गया है और कई नाबालिग बच्चों तक को हत्या व एससी/एसटी एक्ट के मुकदमे में नामजद कर दिया गया है।





मुख्य आरोपी जितेंद्र सिंह की पत्नी सरिता ने कहा कि घटना वाले दिन उनका 11 वर्षीय बेटा पिंटू बिजली की केबल डालने गया था। आरोप है कि इसी दौरान छोटेलाल जाटव और उनके परिजनों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। बेटे को बचाने पहुंचे उनके पति जितेंद्र सिंह के साथ भी मारपीट की गई। सरिता का दावा है कि कुल्हाड़ी, लाठी-डंडों और ईंटों से हुए हमले में उनके परिवार के सात लोग गंभीर रूप से घायल हुए, जिनका इलाज कराया गया। सरिता ने यह भी दावा किया कि जिस विकास कुमार की बाद में मौत हुई, वह घटना के समय मौके पर मौजूद नहीं था। उनके अनुसार विकास राजमिस्त्री का काम करता था और कुछ समय पहले काम के दौरान ऊंचाई से गिरकर घायल हो गया था, जिसका इलाज भी चला था। उन्होंने कहा कि 3 जुलाई की घटना के वीडियो में भी विकास दिखाई नहीं देता। उनका आरोप है कि राजनीतिक दबाव और वोट बैंक की राजनीति के चलते उनके परिवार को झूठा फंसाया गया है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। आरोपी पक्ष के अन्य परिजनों ने भी दावा किया कि उनका परिवार झगड़ा करने नहीं बल्कि अपने बच्चे को बचाने पहुंचा था। उनका आरोप है कि दूसरी ओर से कुल्हाड़ी, लाठी-डंडों और ईंटों से हमला किया गया, जिसमें उनके परिवार के सात लोग घायल हुए। उनका कहना है कि कई ऐसे लोगों को भी आरोपी बना दिया गया जिनका घटना से कोई संबंध नहीं था।

वही गांव के सत्यपाल सिंह, जिन्होंने स्वयं को घटना का प्रत्यक्षदर्शी बताया, ने दावा किया कि जितेंद्र सिंह का बेटा पिंटू केवल केबल डालने गया था। इसी दौरान कहासुनी हुई और उसके बाद मारपीट शुरू हो गई। उन्होंने भी आरोप लगाया कि दूसरी ओर से लाठी-डंडों से हमला किया गया। सत्यपाल सिंह ने यह भी दावा किया कि विकास कुमार मजदूरी और राजमिस्त्री का काम करता था तथा कुछ महीने पहले काम के दौरान गिरकर घायल हुआ था। उन्होंने कहा कि मुकदमे में कई नाबालिगों को भी नामजद किया गया है, जिसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। वे न्यायिक प्रक्रिया का सम्मान करते हैं, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि जांच केवल आरोपों के आधार पर नहीं बल्कि उपलब्ध साक्ष्यों और तथ्यों के आधार पर होगी। उनका कहना है कि किसी भी निर्दोष व्यक्ति को सजा नहीं मिलनी चाहिए और दोषी चाहे किसी भी पक्ष का हो, उसके खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई होनी चाहिए।

गौरतलब है कि नगला अनी में बिजली की केबल डालने को लेकर हुए विवाद के बाद एक युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने हत्या सहित अन्य गंभीर धाराओं और एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। घटना के बाद यह मामला राजनीतिक रूप से भी चर्चा में रहा और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिमंडलों ने गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की थी।

## घंटों बिजली कटौती से परेशान लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ खोला मोर्चा

टीएनएफ टुडे, एलाऊ।


ब्लॉक जागीर क्षेत्र में लगातार हो रही विद्युत कटौती से परेशान ग्रामीणों का गुस्सा गुरुवार शाम फूट पड़ा। शाम करीब 6:30 बजे अजीतगंज चौराहे पर एकत्र हुए दर्जनों ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन कर नाराजगी जताई और नियमित विद्युत आपूर्ति की मांग उठाई। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों का आरोप था कि क्षेत्र में कभी रोस्टिंग तो कभी फाल्ट का हवाला देकर घंटों बिजली आपूर्ति बाधित रखी जाती है। उनका कहना था कि अक्सर आधी रात के समय बिजली काट दी जाती है और कई-कई घंटे बाद आपूर्ति बहाल होती है। हर बार विभाग की ओर से नया बहाना बनाकर समस्या को टाल दिया जाता है, जिससे आम उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि जागीर फीडर से जुड़े करीब दर्जनों गांव इन दिनों बिजली संकट से जूझ रहे हैं।

भीषण गर्मी और उमस के बीच लगातार हो रही कटौती से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। किसानों, व्यापारियों, विद्यार्थियों तथा छोटे कारोबारियों को भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। प्रदर्शनकारियों ने जिलाधिकारी से मामले की जांच कर विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में सुधार कराने तथा लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की। साथ ही क्षेत्र में निर्बाध और सुचारू बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की अपील की, ताकि आम जनमानस को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। प्रदर्शन के दौरान शिवम मिश्रा, राजीव सक्सेना, दीपक मिश्रा, संजीव शाक्य, शिवकुमार शाक्य, छोटू राठौर, ऋषि कुमार शाक्य, राजेश शाक्य, मुकुट पांडेय, राहुल सक्सेना सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

इस संबंध में एसडीओ से फोन पर कई बार संपर्क करने की कोशिश की गई। लेकिन फोन रिसीव नहीं किया गया।

# आर्म रेसलर प्रक्ष सिंह जादोन को राज्यपाल ने किया सम्मानित

## एशियन और अखिल भारतीय विश्वविद्यालय स्तर पर बढ़ाया जिले का गौरव



- खेल प्रेमियों और शुभचिंतकों ने दी बधाई एवं शुभकामनाएं

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

जनपद कासगंज के युवा आर्म रेसलर प्रक्ष सिंह जादोन ने अपनी उत्कृष्ट खेल उपलब्धियों के माध्यम से जिले का नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। राज्यपाल द्वारा प्रक्ष को सम्मानित किया है प्रक्ष को मिले सम्मान पर खेल प्रेमियों एवं शुभचिंतको ने हर्ष व्यक्त कर बधाई दी है।

प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय, प्रयागराज के दीक्षांत समारोह में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने प्रक्ष को अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में कांस्य पदक प्राप्त करने पर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्हें ?50,000 की प्रोत्साहन राशि का चेक भी प्रदान किया गया।

प्रक्ष सिंह जादोन ने इससे पूर्व एशियन आर्मरेसलिंग कप में भी कांस्य पदक अर्जित कर भारत और उत्तर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है।उनकी निरंतर उपलब्धियां युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन रही हैं।प्रक्ष सिंह जादोन, कासगंज के प्रतिष्ठित सेंट जोसेफ्स स्कूल के पूर्व छात्र रहे हैं।

वर्तमान में वे अपने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन और समर्पण के माध्यम से जिले के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन चुके हैं। उनकी सफलता के पीछे वर्षों की कड़ी मेहनत, अनुशासन, आत्मविश्वास तथा परिवार एवं प्रशिक्षकों का निरंतर मार्गदर्शन रहा है।

प्रक्ष के पिता डॉ. प्रवीण सिंह जादोन, के.ए. (पी.जी.) कॉलेज, कासगंज में शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग के अध्यक्ष तथा पीपुल्स आर्मरेसलिंग फेडरेशन इंडिया के महासचिव हैं। उनकी माता सरिता सिंह जादोन ने भी सदैव उनका उत्साहवर्धन करते हुए हर कदम पर सहयोग और प्रेरणा प्रदान की। परिवार एवं उसके शिक्षकों के मजबूत समर्थन ने प्रक्ष को एक उत्कृष्ट खिलाड़ी के रूप में स्थापित होने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

पीपुल्स आर्मरेसलिंग फेडरेशन इंडिया ने प्रक्ष सिंह जादोन की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे खिलाड़ियों की सफलता भारत में आर्म रेसलिंग के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है। फेडरेशन का उद्देश्य देशभर की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराना है, और प्रक्ष की उपलब्धि इसी दिशा में एक प्रेरणादायक उदाहरण है।

प्रक्ष सिंह जादोन की इस उल्लेखनीय सफलता पर कासगंज के खेल प्रेमियों, शिक्षकों, सामाजिक संगठनों तथा विभिन्न खेल संस्थाओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। सभी ने विश्वास जताया कि वे आने वाले वर्षों में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत के लिए और भी बड़ी उपलब्धियां हासिल करेंगे तथा कासगंज का नाम विश्व पटल पर और अधिक गौरवान्वित करेंगे।

# मंडल स्तरीय समीक्षा बैठक में कासगंज को उत्कृष्ट कार्य पर सम्मान



- सीएमओ को किया गया सम्मानित
- आशा कार्यकर्ताओं को उत्कृष्ट सेवा के लिए दिया गया प्रशस्ति पत्र

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

बुधवार को कार्यालय आयुक्त, अलीगढ़ मंडल, अलीगढ़ में मंडल स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। अच्छे कार्य के लिए मंडलायुक्त ने आशा कार्यकताओं को सम्मानित किया।

समीक्षाबैठक में जनपद कासगंज द्वारा जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत प्रसव के उपरांत 48 घंटे के भीतर आशा कार्यकताओं द्वारा लाभार्थियों को भुगतान सुनिश्चित कराने के उत्कृष्ट कार्य की विशेष सराहना की गई। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए आशा कार्यकर्ता ऊषा देवी , सर्वेश कुमारी , रेखा, रीना , भानवती तथा संदेश को उनके उत्कृष्ट कार्य एवं समर्पित सेवाओं के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी गईं।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी, जनपद कासगंज, डॉ. अजय कुमार को भी स्वास्थ्य सेवाओं के प्रभावी संचालन एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

बैठक में अलीगढ़ मंडल के समस्त जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, उपजिलाधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी सहित मंडल एवं जनपद स्तर के सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।यह सम्मान जनपद कासगंज के स्वास्थ्य विभाग की टीम भावना, बेहतर कार्यप्रणाली एवं जनहित के प्रति समर्पण का प्रतीक है तथा भविष्य में भी स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा।



# जानलेवा हमले के मामले में दो वांछित अभियुक्तों को अवैध असलहा सहित किया गया गिरफ्तार

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, जैथरा (एटा)।

जनपद में सुदृढ कानून व्यवस्था व अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण बनाए रखने के परिदृश्य वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 इलामारन जी के निर्देशन व पुलिस अधीक्षक नगर श्वेताभ पाण्डे? व अपर पुलिस अधीक्षक अपराध योगेन्द्र सिंह के निर्देशन मे व क्षेत्राधिकारी राजेश सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना जैथरा पर वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना जैथरा पर पंजीकृत मुअसं0 - 235/2026 धारा -109(1) बीएनएस में वांछित चल रहे दो अभियुक्तगण शिवम पुत्र अवधेश ,अवधेश पुत्र राजनाथ सिंह निवासीगण ग्राम मडफोडा थाना जैथरा को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त शिवम उपरोक्त से एक अवैध तमंचा व 02 खोखा कारतूस (315 बोर) बरामद किया गया है। बरामदगी के आधार पर शिवम उपरोक्त के विरुद्ध थाना जैथरा पर मुअसं0 -236/26 धारा - 3/25/27 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# हत्या के मामले में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार




टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।

जनपद में सुदृढ कानून व्यवस्था व अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण बनाए रखने के परिदृश्य वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 इलामारन जि. के निर्देशन व पुलिस अधीक्षक नगर श्वेताभ पाण्डे? व अपर पुलिस अधीक्षक अपराध योगेन्द्र सिंह के निर्देशन मे व क्षेत्राधिकारी राजेश सिंह के कुशल नेतृत्व मे वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना जैथरा पर पंजीकृत मुअसं0 - 217/2026 धारा -103(1) बीएनएस में वांछित चल रहे एक अभियुक्त राजकुमार पुत्र पप्पू निवासी ग्राम कसैला थाना जैथरा को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# कृषकों को औद्यानिक विकास योजना में 90 प्रतिशत तक अनुदान।

**टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।** जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में उद्यान विभाग द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों के कृषकों के लिए औद्यानिक विकास योजनाओं के अंतर्गत विभिन्न फसलों एवं कृषि यंत्रों पर 75 से 90 प्रतिशत तक अनुदान प्रदान किया जाएगा। योजना के अंतर्गत संकर शिमला मिर्च, लहसुन, मसाला मिर्च, संकर लौकी, गेंदा, प्याज, आईपीएम, मधुमक्खी पालन तथा 8 बीएचपी से अधिक क्षमता के पावर टिलर पर अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा।

योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए कृषकों को विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। पंजीकरण हेतु आधार कार्ड, बैंक पासबुक, फार्मर रजिस्ट्री, खतौनी, अनुसूचित जाति प्रमाण-पत्र, मोबाइल नंबर एवं पासपोर्ट आकार का फोटो आवश्यक है। इच्छुक कृषक जन सेवा केंद्र, साइबर कैफे अथवा जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय, विकास भवन, सोरों रोड, कासगंज में भी पंजीकरण करा सकते हैं। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि अनुदान की धनराशि सत्यापन के उपरांत डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में हस्तांतरित की जाएगी। लाभार्थियों का चयन प्रथम आवक, प्रथम पावक के आधार पर किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक कृषक जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय, विकास भवन, सोरों रोड, कासगंज अथवा मोबाइल नंबर 8887500255 पर संपर्क कर सकते हैं।

# रात3:30 बजे ऐसा धमाका कि 50 फीट दूर जा गिरे लोहे के गेट, दीवार में 4 फीट का छेद,अमरोली रतनपुर में रहस्यमयी ब्लास्ट से दहशत

## परिवार छत पर सो रहा था, नीचे होता तो हो सकता था बड़ा हादसा; पुलिस, डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक जांच में जुटे

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।

थाना क्षेत्र के ग्राम अमरोली रतनपुर में बुधवार देर रात एक रहस्यमयी धमाके ने पूरे गांव को दहला दिया। धमाका इतना जबरदस्त था कि मकान के कमरे में लगे दो लोहे के गेट उखड़कर करीब 50 फीट दूर जा गिरे, दीवारें फट गईं और करीब 4 फीट का बड़ा छेद हो गया। धमाके के बाद पूरे इलाके में धुआं फैल गया, जिसे देखकर ग्रामीण घरों से बाहर निकल आए।

गनीमत रही कि मकान मालिक सतीश चंद्र गुप्ता, जो गांव में किराना दुकान चलाते हैं, अपने परिवार के साथ गर्मी के कारण छत पर सो रहे थे। यदि परिवार नीचे कमरे में सो रहा होता तो बड़ा जानलेवा हादसा हो सकता था।



परिजनों के अनुसार रात करीब 3:30 बजे अचानक जोरदार धमाका हुआ। आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के ग्रामीण घबराकर मौके की ओर दौड़ पड़े। लोगों ने देखा कि कमरे की दीवारें फट चुकी थीं, मकान में दरारें पड़ गई थीं और गेट काफी दूर जाकर पड़े थे। कमरे के अंदर चारों ओर मलबा और धुएं के निशान दिखाई दे रहे थे।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर धमाका किस चीज से हुआ? परिवार का कहना है कि उन्हें किसी भी प्रकार के विस्फोटक पदार्थ या ऐसी किसी गतिविधि की कोई जानकारी नहीं है। वे खुद भी इस घटना से पूरी तरह हैरान हैं।

घटना की सूचना मिलते ही सीओ के नेतृत्व में पुलिस मौके पर पहुंची। डॉग स्क्वायड की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और धमाके के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल यह रहस्यमयी धमाका पूरे गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि विस्फोट किस वजह से हुआ।

50 फीट दूर गिरे गेट, दीवार में 4 फीट का छेदङ्घ आखिर किस चीज ने किया ऐसा विस्फोट? अमरोली रतनपुर का रहस्य पुलिस के लिए भी बना चुनौती।

# 31 जुलाई तक मत्स्य विभाग की विभिन्न योजनाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।

सहायक निदेशक मत्स्य प्रकाश चन्द्र ने जनपद के मत्स्य पालकों एवं इच्छुक लाभार्थियों को अवगत कराया है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में मत्स्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निदेर्शानुसार मत्स्य विभाग द्वारा संचालित राज्य सेक्टर की विभिन्न योजनाओं में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसके लिए विभागीय पोर्टल ँ३३स्र://प्र२ँी१ी२.४स्र.ङ्क५.ल्ल?? दिनांक 16 जुलाई 2026 से 31 जुलाई 2026 तक खोला गया है।

उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, सघन मत्स्य पालन हेतु एयरेशन सिस्टम की स्थापना, उत्तर प्रदेश मत्स्य पालक कल्याण कोष के अंतर्गत मोपेड विद आईसबॉक्स परियोजना तथा माता सुकेता महिला मत्स्य पालक सशक्तिकरण परियोजना (श्रेणी-1, 2 एवं 3 के जलाशय वाले जनपदों में केज स्थापना), अंतदेर्शीय खारे जल क्षेत्रों में मात्स्यिकी विकास हेतु नए तालाब निर्माण एवं प्रथम वर्ष निवेश, उत्तर प्रदेश में मोती संवर्धन योजना तथा विशिष्ट प्रजाति की मत्स्य हैचरी स्थापना योजना के लिए किए जा सकते हैं।

सहायक निदेशक मत्स्य ने बताया कि प्रत्येक योजना के लिए अलग-अलग ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य होगा। योजनाओं का विस्तृत विवरण, इकाई लागत, आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक अभिलेख एवं अन्य दिशा-निर्देश विभागीय वेबसाइट ँ३३स्र://प्र२ँ-ी१ी२.४स्र.ङ्क५.ल्ल?? पर उपलब्ध हैं। यदि भविष्य में किसी योजना में संशोधन किया जाता है तो संशोधित प्रावधान ही लागू होंगे। पूर्व वर्षों में जिन आवेदकों के आवेदन निरस्त अथवा प्रतीक्षारत रहे हैं, वे भी पुनः आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने जनपद के इच्छुक मत्स्य पालकों से निर्धारित अवधि के भीतर ऑनलाइन आवेदन करने की अपील की है। योजनाओं से संबंधित अधिक जानकारी के लिए कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य, द्वितीय तल, एटा अथवा मोबाइल नंबर 9758590909 पर संपर्क किया जा सकता है।

# बैराजों से घटा पानी का डिस्चार्ज, कछला घाट पर नीचे आया लेवल

- कछला ब्रिज पर गंगा का जलस्तर घटकर हुआ 161.21सेंटीमीटर
- तटवर्तीय ग्रामों के ग्रामीणों एवं किसानों ने ली राहत की सांस

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

गगा नदी के जल स्तर में उतार चढ़ाव बना हुआ है। घटता बढ़ता जल स्तर तटवर्तीय ग्रामों के किसानों एवं ग्रामीणों के लिए चिंता का कारण बना हुआ था। बीते दो दिनों में बैराजों से पानी का डिस्चार्ज घटा है तो कछला गंगा नदी पर भी पानी का दवाब कम हुआ है। गंगा का जल स्तर बुधवार को घटकर 161.21सेंटीमीटर पर जा पहुंचा है। गंगा का रुख नरम देख तटवर्तीय ग्रामों के ग्रामीणों की चिंता कम हुई है। लेकिन विभाग किसी भी विषम परिस्थिति से निपटने को तैयार है।

जिले की सीमा पर जनपद बदायूं मे बह रही कछला गंगा नदी में प्रतिवर्ष बाढ़ के हालात बनते हैं। इससे जिले की तहसील सहावर, पटियाली एवं कासगंज के तट वर्तीय दर्जनों गांव इसका शिकार होते रहे हैं। इस वर्ष भी पहाड़ों पर हो रही अति वर्षा और बैराजों से छोड़े जा रहे पानी से कछला गंगाका जल स्तर बढ़ा हुआ था । गंगा नदी का जलस्तर वार्निंग लेवल से मात्र चालीस सेंटीमीटर दूर रहा था। जबकि इसके विपरीत बैराजों से गंगा में पानी की डिस्चार्ज कम हुआ । बुधवार और गुरवार को बैराजों से पानी का डिस्चार्ज कम होने से कछला गंगा नदी का जल स्तर में भी कमी आई जल स्तर घटकर 161.21 सेंटीमीटर रह गया है।

जिले में भले ही फिलहाल बाढ़ की संभावना दिखाई नहीं दे रही है सिंचाई विभाग भी ऐसी किसी संभावना से इनकार कर रहा है। फिर भी किसी भी विपरीत परिस्थिति से निपटने के लिए सिंचाई विभाग एवं जिला प्रशासन ने तैयारियां की है।

बाढ़ नियंत्रण कक्ष बनाया गया है जिस पर आठ आठ घंटे की तीन शिफ्टों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई हैं। जिला अधिकारी ने तहसील स्तरीय अधिकारियों को भी गंगा की ताजा स्थिति पर नजर रखने के निर्देश दिए हैं। वहीं सिंचाई विभाग को गंगा के घटते बढ़ते जल स्तर की निगरानी को कहा है।

गुरुवार को कछला ब्रिज पर गंगा का जल स्तर 161.21सेंटीमीटर रिकॉर्ड किया गया।

# मतदेय स्थलों के सम्भाजन के संबंध में 17 जुलाई को होगी जनप्रतिनिधियों एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक

एटा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निदेर्शानुसार जनपद में 1200 मतदाताओं के आधार पर मतदेय स्थलों के सम्भाजन की प्रक्रिया के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों एवं सुझावों का निस्तारण किए जाने के उपरांत मतदेय स्थलों की सूची को अंतिम रूप देने हेतु बैठक आयोजित की जाएगी।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) संगम लाल ने बताया कि दिनांक 17 जुलाई 2026 को पूर्वाह्न 11:45 बजे कलेक्ट्रेट सभागार, एटा में बैठक आयोजित होगी। बैठक में जनपद के माननीय सांसदगण, माननीय विधायकगण एवं समस्त मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है।

# दिव्यांगजन कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू, पात्र लाभार्थी उठाएं निःशुल्क लाभ

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।

जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी रोहित कुमार ने जनपद एटा के समस्त दिव्यांगजनों, उनके सहयोग के लिए कार्यरत सामाजिक कार्यकताओं एवं संस्थाओं को अवगत कराया है कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना के अंतर्गत पात्र दिव्यांगजनों को विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरण निःशुल्क उपलब्ध कराए जाते हैं। योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन कर दी गई है।

उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत चलने-फिरने में असमर्थ दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, वॉकर/रोलेटर, दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों को सामान्य छड़ी एवं स्मार्ट छड़ी (कंपन करने वाली छड़ी), दिव्यांग विद्यार्थियों को स्मार्ट फोन, डेजी प्लेयर एवं टैबलेट, श्रवण बाधित दिव्यांगजनों को कान की मशीन, मानसिक दिव्यांगता से संबंधित लाभार्थियों को एमआर किट एवं सीपी चेयर, तथा कुष्ठ रोग से उत्पन्न दिव्यांगता वाले व्यक्तियों को एडीएल किट सहित अन्य आवश्यक सहायक उपकरण निःशुल्क उपलब्ध कराए जाते हैं।

उन्होंने बताया कि इच्छुक पात्र दिव्यांगजन किसी भी जनसेवा/लोकवाणी केंद्र के माध्यम से विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करा सकते हैं।

आवेदन के लिए आवश्यक अभिलेखों में जनपद एटा का मूल निवासी होने का प्रमाण, मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा जारी 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता प्रमाण पत्र/यूडीआईडी कार्ड, निर्धारित आय सीमा का आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र अथवा आधार कार्ड की प्रति, दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला एक फोटो, मोबाइल नंबर तथा आवश्यक उपकरण हेतु सरकारी चिकित्साधिकारी की संस्तुति अनिवार्य है।

जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन के उपरांत उसकी हार्ड कॉपी समस्त संलग्न अभिलेखों सहित किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, जिला पंचायत परिसर, एटा में जमा करनी होगी। उन्होंने जनपद के पात्र दिव्यांगजनों से अपील की है कि वे समय से आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त करें।

# एटा में अपंजीकृत तंबाकू गोदाम पर एसआईबी का छापा, 21 टन तंबाकू और साढ़े छह लाख की सामग्री सील

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।

अलीगंज कस्बे में अमरोली रोड स्थित एक अपंजीकृत तंबाकू गोदाम पर सोमवार देर शाम राज्य कर विभाग की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन ब्रांच अलीगढ़ परिक्षेत्र की टीम ने छापा मारा। बिना वैध बिलों के माल परिवहन की सूचना पर की गई इस कार्रवाई में लगभग 21 टन तंबाकू और संबंधित सामग्री सील की गई, जिसकी अनुमानित कीमत साढ़े छह लाख रुपये है।

एसआईबी अलीगढ़ परिक्षेत्र के डिप्टी कमिश्नर डॉ. अभिषेक कुमार सिंह ने बताया कि विभाग को सूचना मिली थी कि अमरोली रोड पर एक गोदाम से बिना वैध बिलों के तंबाकू का परिवहन किया जा रहा है। इस सूचना के आधार पर टीम सोमवार शाम करीब साढ़े सात बजे मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

जांच के दौरान, शशिकांत के नाम से संचालित बताया जा रहा यह गोदाम अपंजीकृत पाया गया। टीम को मौके से करीब 21 टन तंबाकू, तंबाकू की लकड़ी, चूरा और तंबाकू की डस्ट मिली। बरामद की गई इस सामग्री की अनुमानित कीमत लगभग साढ़े छह लाख रुपये आंकी गई है, जिसे विभागीय अधिकारियों ने सील कर दिया है।

# विद्युत करंट की चपेट में आकर छात्र की मौत

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

सोरों कोतवाली के गांव कादरवाडी में घर में विद्युत कार्य कर रहे 17 वर्षीय छात्र की करंट मौत हो गई, मौत से परिवार के कोहराम मच गया, परिजनों का रोकर बुरा हाल है । मृतक संत तुलसीदास इंटर कॉलेज में कक्षा दस का विद्यार्थी था। गांव कादरवाड़ी निवासी रक्षपाल का 17 वर्षीय पुत्र निर्गुण सोरों के संत तुलसीदास इंटर कालेज ने कक्षा दस का विद्यार्थी था। गुरुवार को अपने कमरे में विद्युत कार्य कर रहा था कि तभी वह विद्युत करंट की चपेट में आ गया घर में मौजूद परिजन कुछ समझ पाए और बचाव का प्रयास किया तबतक निर्गुण की मौत हो चुकी थी, छात्र की मौत होते ही परिवार में कोहराम मच गया, जब यह खबर गांव में फैली तो बड़ी संख्या ने ग्रामीण रक्षपाल के घर पर एकत्रित हो गए और घटना पर दुःख व्यक्त करने लगे। गांव में ही शव का अंतिम संस्कार किया गया है गांव में शोक का माहौल है।

दस बहिन भाइयों में सबसे छोटा था निर्गुण। रक्षपाल के कुल दस संताने थी, जिनमें पांच पुत्र और पांच पुत्रियां थी, दस संतानों में सबसे छोटा निर्गुण ही था, सबसे छोटा होने के कारण वह परिवार में सभी के लिए प्रिय था।

# भारत बनाम इंग्लैंड: बतौर जोड़ी रोहित-कोहली का नया कारनामा

## 8 हजार रनों का आंकड़ा छुआ

एजेंसी, कार्डिफ।

रोहित शर्मा और विराट कोहली की जोड़ी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 8 हजार रन पूरे कर लिए हैं। 'रो-को' ने यह कारनामा गुरुवार को इंग्लैंड के खिलाफ जारी वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले में किया। यह भारत के लिए सभी फॉर्मेट में सर्वाधिक रन जोड़ने के मामले में तीसरे नंबर की जोड़ी है।

इस लिस्ट में सचिन तेंदुलकर और सौरव गांगुली सबसे आगे हैं, जिन्होंने सभी फॉर्मेट में कुल 12,400 रन जुटाए। इसके अलावा, तेंदुलकर ने राहुल द्रविड़ के साथ 11,037 रन जोड़े हैं। इस लिस्ट में सौरव गांगुली और राहुल द्रविड़ की जोड़ी चौथे स्थान पर है, जिन्होंने तीनों फॉर्मेट में कुल 7,626 रन जुटाए हैं, जबकि वीरेंद्र सहवाग ने गौतम गंभीर के साथ 7,199 रन जुटाए हैं।




गुरुवार को कार्डिफ में खेले जा रहे मुकाबले में इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया। भारतीय टीम एक बदलाव के साथ उतरी है। केएल राहुल बीमारी की वजह से यह मैच नहीं खेल रहे हैं, उनके स्थान पर ईशान किशन को विकेटकीपिंग का जिम्मा सौंपा गया है।

दूसरी तरफ, इंग्लैंड की टीम दो बदलावों के साथ उतरी है। साकिब महमूद और गस एटकिंसन को जोश टंग और लियाम डॉसन की जगह प्लेइंग इलेवन में शामिल किया गया है।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को कप्तान शुभमन गिल (31) और रोहित शर्मा ने संभली हुई शुरूआत दिलाई। दोनों खिलाड़ियों ने 7.4 ओवरों में 44 रन की साझेदारी की। इसके बाद रोहित ने विराट कोहली के साथ दूसरे विकेट के लिए 61 गेंदों में 60 रन जुटाकर 17.5 ओवरों में स्कोर 104/2 तक पहुंचाया। रोहित 47 गेंदों में 2 बाउंड्री के साथ 26 रन बनाकर आउट हुए।

शुभमन गिल की कप्तानी में भारतीय टीम रोहित शर्मा, विराट कोहली, ईशान किशन (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, वाशिंगटन सुंदर, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, गुरनूर बरार, जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा के साथ यह मैच खेल रही है।

वहीं, इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन में बेन डकेट, जैकब बेथेल, जो रूट, हैरी ब्रूक (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), सैम करन, विल जैक्स, गस एटकिंसन, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद और साकिब महमूद को शामिल किया गया है।


### विराट कोहली ने एक ही पारी में तोड़े कई बड़े रिकॉर्ड्स

**कार्डिफ।** विराट कोहली सेना देशों (साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) के खिलाफ सर्वाधिक अर्धशतक लगाने वाले भारतीय बन गए हैं। कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ सोफिया गार्डन्स में जारी वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले में 66 गेंदों का सामना करते हुए 8 चौकों के साथ 65 रन बनाए। यह सेना देशों के खिलाफ उनका 30वां अर्धशतक था। भारतीय खिलाड़ियों की इस लिस्ट में राहुल द्रविड़ दूसरे पायदान हैं, जिन्होंने 29 बार ऐसा किया। सचिन तेंदुलकर (25) इस लिस्ट में तीसरे स्थान पर हैं। विराट कोहली विरोधी टीम के घरेलू मैदान पर पर सर्वाधिक वनडे रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में भी शीर्ष पर पहुंच गए हैं। इस मामले में कोहली ने कुमार संगकारा को पछाड़ा है। कोहली ने अब तक विरोधी टीम के घरेलू मैदान पर 5,538 रन बनाए हैं, जबकि संगकारा (5,518 रन) इस लिस्ट में दूसरे पायदान पर हैं। रिकी पोंटिंग (5,090) और सचिन तेंदुलकर (5,065) क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर मौजूद हैं। इस पारी के साथ विराट कोहली ने विदेशी धरती पर वनडे फॉर्मेट में 8 हजार रन पूरे कर लिए हैं। वह इस मामले में तीसरे भारतीय बन गए हैं। उनसे पहले सचिन तेंदुलकर (11,450) और सौरव गांगुली (8,111) इस लिस्ट में अपना नाम दर्ज करवा चुके हैं।

# लगातार दूसरी बार फाइनल में अर्जेंटीना, इंग्लैंड का सफर हुआ समाप्त

एजेंसी, अटलांटा।

अर्जेंटीना ने लगातार दूसरी बार फीफा वर्ल्ड कप के फाइनल का टिकट हासिल कर लिया है। अटलांटा स्टेडियम में खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में अर्जेंटीना ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड को 2-1 से हराया। सेमीफाइनल में हार के बाद अब इंग्लैंड तीसरे स्थान के लिए होने वाले मुकाबले में फ्रांस से भिड़ेगा। फीफा वर्ल्ड कप 2026 के खिताबी मुकाबले में अब अर्जेंटीना का सामना स्पेन से होगा। स्पेन ने पहले सेमीफाइनल में फ्रांस को 2-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई है। मैच की शुरूआत से ही दोनों टीमों की तरफ से आक्रामक खेल देखने को मिला। अर्जेंटीना के मुकाबले इंग्लैंड ने ज्यादा हमले किए और गोल करने के कई मौके बनाए, लेकिन टीम को सफलता हाथ नहीं लग सकी। दोनों टीमों का डिफेंस पहले हाफ में बेहद मजबूत रहा और शुरूआती 45 मिनट में कोई गोल नहीं हो सका। हालांकि, दूसरे हाफ की शुरूआत इंग्लैंड ने दमदार अंदाज में की। मैच के 55वें मिनट में मोर्गन रोजर्स के पास पर एंथनी गॉर्डन ने बेहतरीन शॉट लगाते हुए गेंद को गोल पोस्ट में पहुंचाते हुए इंग्लैंड को मुकाबले में 1-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद भी इंग्लैंड की तरफ से लगातार अटैक जारी रहे। मगर अर्जेंटीना ने मैच के अंतिम पलों में जबरदस्त वापसी की। 85वें मिनट में एंजो फर्नांडेज ने लियोनेल मेसी से मिले पास को गोल में तब्दील करते हुए अर्जेंटीना के खेमे को राहत की सांस दिलाई। 1-1 से बराबर हो चुके स्कोर के बाद मुकाबला अतिरिक्त समय में जाता हुआ दिख रहा था।



हालांकि, इंजरी टाइम में अर्जेंटीना ने मुकाबले को पूरी तरह से पलट दिया। मेसी द्वारा दिए गए पास को लाउतारो मार्टिनेज ने बिना कोई गलती किए गेंद को गोल पोस्ट में पहुंचा दिया और अर्जेंटीना के लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंचने पर मुहर लगा दी। अंतिम 7 मिनटों में किए गए दो गोल की बदौलत अर्जेंटीना सेमीफाइनल मुकाबले को 2-1 से अपने नाम करने में सफल रहा।

### मेसी ने रचा इतिहास

नई दिल्ली। अर्जेंटीना ने इंग्लैंड को सेमीफाइनल मुकाबले में 2-1 से हराकर फीफा वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में जगह बना ली है। अर्जेंटीना की इस जीत के हीरो कप्तान लियोनेल मेसी रहे, जिन्होंने टीम की ओर से लगे दोनों ही गोल में अहम भूमिका निभाई। अर्जेंटीना की जीत के साथ ही मेसी ने वो मुकाम हासिल कर लिया है, जहां तक अब तक दुनिया का कोई खिलाड़ी नहीं पहुंच सका है। सेमीफाइनल में किए गए दो असिस्ट (गोल करने में मदद) के साथ ही मेसी के नाम अब विश्व कप में कुल 12 असिस्ट हो गए हैं।

## मनोरंजन

# 'मेरा बाप भी कुछ नहीं बिगाड़ सकता', 'अल्फा' की ट्रोलिंग पर भड़कीं आलिया भट्ट

आलिया भट्ट और शारवरी स्टारर 'अल्फा' इस महीने की शुरूआत में रिलीज हुई थी। आक्रामक मार्केटिंग अभियान के बावजूद फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ज्यादा प्रभाव पैदा करने में विफल रही। फिल्म को क्रिटिक्स से भी मिली-जुली प्रतिक्रियाएं ही मिलीं। आलिया को सोशल मीडिया पर भी ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा। अब एक स्क्रीनशॉट सभी प्लेटफॉर्म पर वायरल हो गया है, जिसके बारे में कई लोगों का मानना है कि यह आलिया की इंस्टाग्राम स्टोरी थी। हालांकि, अब यह मौजूद नहीं है।

### फेक थी आलिया भट्ट की गुस्से वाली स्टोरी

आलिया भट्ट की वायरल स्टोरी में लिखा था, 'मेरी फिल्म को फ्लॉप बोलने वालो, तुम लोग क्या हो। मैं तो बिना कुछ किए अवॉर्ड खरीद लूंगी, लेकिन तुम लोगो का क्या? तुम्बाड 2 भी मुझे मिली, तुम लोगो को क्या मिला? एक लड़की की सफलता नहीं देख सकता कोई।

मेरे ऊपर करण जौहर का हाथ है। मेरा बाप भी मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकता।' इंटरनेट पर कई लोग इस फोटो को लेकर उलझन में थे और अंदाजा लगा रहे थे कि क्या आलिया ने गुस्से में यह स्टोरी पोस्ट की थी?

लेकिन असल में यह तस्वीर फेक थी। 'द फ्री प्रेस जर्नल' जैसे कई पोर्टल्स के अनुसार, आलिया भट्ट ने कभी यह इंस्टाग्राम स्टोरी पोस्ट नहीं की थी। कंगना रनौत और रणवीर सिंह जैसे दूसरे एक्टर्स के साथ भी पहले ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं।



### 'तुम्बाड 2' में हुई आलिया की एंट्री

आलिया के मामले में, यह खबर उनकी हालिया फिल्म की घोषणा के बीच आई है। आलिया भट्ट सोहम शाह की फिल्म 'तुंबाड 2' से जुड़ गई हैं। हाल ही में सोहम ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक्ट्रेस के साथ कुछ तस्वीरें शेयर करते हुए इस बात की पुष्टि की। अपनी पोस्ट के कैप्शन में सोहम ने लिखा, 'एक नया अध्याय शुरू हो रहा है। तुम्बाड 2 में आपका स्वागत है आलिया भट्ट।'

'तुंबाड 2' के अलावा आलिया संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वॉर' की शूटिंग भी कर रही हैं। इस फिल्म में वह विक्की कौशल और अपने पति रणबीर कपूर के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी।



# शेफाली बग्गा पर ईडी का शिकंजा; मनी लॉन्ड्रिंग मामले में की जा रही पूछताछ

प्रवर्तन निदेशालय (एऊ) शेफाली बग्गा से छत्तीसगढ़ के रायपुर में पूछताछ कर रहा है। यह पूछताछ उनसे मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में हो रही है। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, अधिकारियों के अनुसार प्रवर्तन निदेशालय (एऊ) मनी लॉन्ड्रिंग मामले के सिलसिले में छत्तीसगढ़ के रायपुर में टेलीविजन होस्ट शेफाली बग्गा से पूछताछ कर रहा है।

### शेफाली के बयान दर्ज, पूछे गए सवाल


शेफाली बग्गा को चर्चित महादेव ऑनलाइन बेटिंग एप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने अपने रायपुर स्थित कार्यालय तलब किया। ईडी के ऑफिस पहुंचीं शेफाली से कई सवाल पूछे गए और उनके बयान दर्ज किए गए। शेफाली चर्चित टीवी होस्ट हैं। साथ ही उनके म्यूजिक वीडियो भी आ चुके हैं। इसके अलावा वे चर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस 13' का हिस्सा भी रही हैं।

# शुरू हुई 'रागिनी 3' की शूटिंग, सेट से तमन्ना भाटिया ने साझा की खास तस्वीर

प्रसिद्ध भारतीय फिल्म निर्देशक, लेखक और निर्माता शशांक घोष 'रागिनी 3' का निर्देशन कर रहे हैं। इस फिल्म में तमन्ना भाटिया मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। हाल ही में तमन्ना ने इस फिल्म की शूटिंग के पहले दिन की एक खास तस्वीर साझा कर फिल्म को लेकर फैंस की उत्सुकता को और अधिक बढ़ा दिया है।

### 'रागिनी 3' की शूटिंग हुई शुरू

तमन्ना भाटिया ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर 'रागिनी 3' के सेट से एक खास तस्वीर साझा कर फैंस का दिल जीत लिया है। तमन्ना ने 'रागिनी 3' के क्लैप बोर्ड के साथ एक खास तस्वीर इंस्टाग्राम स्टोरी पर साझा की है। इस तस्वीर में क्लैप बोर्ड के ऊपर लिखा है- '15.07.26 दिन पहला' यानी इस फिल्म की शूटिंग 15 जुलाई से शुरू हो चुकी है।



### 'रागिनी 3' के बारे में

'रागिनी 3' का निर्देशन शशांक घोष करेंगे, जिन्होंने 'वीरे दी वेडिंग' और 'खूबसूरत' जैसी हिट फिल्मों के अलावा 'फ्रेडी' और 'क्विक गन मुरुगन' जैसी लीक से हटकर फिल्में बनाई हैं। इस फिल्म में तमन्ना भाटिया नजर आएंगी। बाकी स्टार कास्ट की जानकारी अभी आधिकारिक तौर पर सामने नहीं आई है। इस फिल्म की निमार्ता एकता कपूर हैं, जिन्होंने इस फिल्म के पहले के दोनों भागों का भी निर्माण किया है।

### 'रागिनी' की अब तक की फिल्में

अभी तक एकता कपूर की फिल्म 'रागिनी' के दो भाग रिलीज हो चुके हैं। अब एकता 'रागिनी 3' लेकर आ रही हैं। 'रागिनी 3' आगामी बॉलीवुड हॉरर-थ्रिलर फिल्म है। इसे 'रागिनी एमएमएस' फ्रेंचाइजी का तीसरा भाग माना जा रहा है। तमन्ना भाटिया के अलावा इस फिल्म में जुनैद खान, नरगिस फाखरी और आयुष शर्मा मुख्य भूमिकाओं में नजर आ सकते हैं।

# सेवा और संवेदना की नई इबारत लिखतीं अदिति कात्यायन

राजनीति जब केवल सत्ता और पदों की होड़ बनकर रह जाए, तब समाज के बीच से कुछ ऐसे चेहरे उभरते हैं जो यह याद दिलाते हैं कि नेतृत्व का असली मंतव्य जनसेवा और सामाजिक सरोकार ही है। ताजनगरी आगरा के सामाजिक और वैचारिक परिदृश्य में इन दिनों एक ऐसा ही नाम तेजी से चचाओं में है– प्रतिमा अदिति कात्यायन। 'सृजन फाउंडेशन' की अध्यक्ष के रूप में वे न केवल समाज के वंचित, बुजुर्ग और उपेक्षित तबके की आवाज बन रही हैं, बल्कि अपनी जमीनी सक्रियता से एक नई मिसाल पेश कर रही हैं।

### बचपन के संस्कार और सेवा का सफर

अदिति कात्यायन के भीतर सेवा का जज्बा कोई अचानक उपजा विचार नहीं है, बल्कि यह उन्हें बचपन में अपने पिता से विरासत में मिला। बचपन से ही किसी बीमार की मदद के लिए डॉक्टर के पास भागना हो, भूखे के लिए भोजन का प्रबंध करना हो या बाढ़ पीड़ितों की सहायता– वे हमेशा आगे रहीं। यही जज्बा कोरोना महामारी के भीषण दौर में भी दिखा, जब उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना लोगों तक ऑक्सीजन और राशन पहुंचाया। इसके बाद 'इंडिया राइजिंग' संस्था के साथ जुड़कर स्वच्छता अभियान के मोर्चे पर उन्होंने ताजनगरी में व्यापक काम किया।

## सियासी सूरमा

### सृजन फाउंडेशन: सेवा का एक अनोखा अंदाज

वर्ष 2022 में स्थापित 'सृजन फाउंडेशन' के माध्यम से अदिति ने सेवा को एक नया और आत्मीय स्वरूप दिया है। रामलाल वृद्धाश्रम में रहने वाली बेसहारा माताओं के साथ अपने हाथों से मेहंदी लगाकर, उन्हें हरी साड़ियां और चूड़ियां पहनाकर ढोलक की थाप पर 'हरियाली तीज' मनाना हो या फिर कुष्ठ आश्रम और वृद्धाश्रम में जाकर अपना जन्मदिन मनाना–उनका यह संवेदनशील अंदाज सीधे लोगों के दिलों को छू जाता है।



अदिति कात्यायन

वे सिर्फ भावुकता से काम नहीं लेतीं, बल्कि समाज के असली नायकों को पहचान देती हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर ई-रिक्शा चालक महिलाओं को सम्मान दिलाना हो या 2 अक्टूबर को सफाई कर्मियों का नागरिक अभिनंदन करना, अदिति ने हमेशा हाशिए पर खड़े लोगों के आत्मसम्मान को सर्वोपरि रखा है।

### जिंदगी के बाद भी साथ: देहदान का बड़ा संकल्प

अदिति कात्यायन की सामाजिक सोच केवल वर्तमान तक सीमित नहीं है। "जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी" के विचार को अमलीजामा पहनाते हुए उन्होंने अपने एक जन्मदिन के अवसर पर 'देहदान' का ऐतिहासिक संकल्प लिया, ताकि मृत्यु के पश्चात भी उनका शरीर चिकित्सा अनुसंधान या किसी के जीवन के काम आ सके। यह फैसला उनकी त्याग भावना की पराकाष्ठा को दशार्ता है।

### वैचारिक स्पष्टता और राजनीतिक दृष्टिकोण

अदिति स्पष्ट रूप से कहती हैं कि वे सीधे तौर पर सक्रिय दलीय राजनीति से दूर हैं, लेकिन राष्ट्र निर्माण की नीतियों और देश के नेतृत्व के प्रति उनका दृष्टिकोण बेहद साफ है। समसामयिक राष्ट्रीय मुद्दों जैसे 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर संगोष्ठियों के जरिए प्रबुद्ध वर्ग के बीच मुखर रहने वाली अदिति, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जन कल्याणकारी नीतियों और विचारों से बेहद प्रभावित हैं। वे अपने अनूठे और रचनात्मक तौर-तरीकों से इन विचारों को आम जनमानस तक पहुंचाने और प्रचार-प्रसार करने में निरंतर जुटी रहती हैं।

### अद्वितीय

वैचारिक परिपक्वता, समाज के आखिरी पायदान पर खड़े व्यक्ति के प्रति अगाध संवेदनशीलता और खुद को एक उदाहरण के रूप में प्रस्तुत करने की क्षमता–अदिति कात्यायन को पारंपरिक नेताओं की भीड़ से अलग करती है। पद की लालसा से दूर, जन-मन को जीतने की यही कला उन्हें आने वाले समय की एक बेहद मजबूत सामाजिक और वैचारिक 'सूरमा' बनाती है।

नोट- सियासी सूरमा कॉलम में हम उन व्यक्तित्वों की कहानी प्रकाशित करते हैं जिनके पास 10 सालों का सक्रिय राजनीतिक अनुभव है और संगठन के प्रति अटूट निष्ठा है। अगर आप भी खुद को मानते हैं सियासी सूरमा, तो अपनी कहानी हमें हमारे व्हाट्सएप नबंर 9412359817 पर भेजें।